हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 14 मार्च 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




गौधाम योजना शुभारंभ समारोह
एवं पशुपालन सम्मेलन
-कार्यक्रम-
दिनांक : 14 मार्च शनिवार, दोपहर 12 बजे से
स्थान: गौधाम लाखासार (तखतपुर विधानसभा)
एवं गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय
प्रेक्षागर बिलासपुर
कार्यक्रम में पधारे
मुख्यमंत्री मान. श्री विष्णु देव साय जी
एवं समस्त अतिथियों का सादर
वंदन-नंदन-अभिनंदन...
संकलनकर्ता
राकेश तिवारी
हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी
मो. 9300327303


कुम्हारपारा की सड़क पर फैला कचरा, सफाई नहीं होने से लोग बदबू से परेशान हो रहे है।

## खबर संक्षेप

### सीएम गौ धाम योजना का शुभारंभ करेंगे आज

**बिलासपुर।** गौ धाम योजना का शुभारंभ और पशुपालक सम्मेलन 14 मार्च को दोपहर 12 बजे गौ धाम



लाखासार एवं सीयू के प्रेक्षागार में पशु विकास विभाग छग रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इसका वर्चुअल उदघाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धरमजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, विशेषर पटेल, महापौर पूजा विधानी, राजेश सूर्यवंशी, रजनीश सिंह, राजा पाण्डेय होंगे।

### रोस्टर में आंशिक बदलाव 16 मार्च से होगा लागू

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के रोस्टर में आंशिक बदलाव किया गया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के निर्देश पर जारी सप्लीमेंट्री रोस्टर के अनुसार 16 मार्च से नई व्यवस्था लागू होगी। नए रोस्टर के तहत जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच वैवाहिक मामलों से संबंधित प्रथम अपील और वर्ष 2022 तक के रिट पिटीशन मामलों की सुनवाई करेगी। यह बेंच उन सभी आपराधिक मामलों को भी देखेगी जो किसी अन्य डिवीजन बेंच को आवंटित नहीं किए गए हैं। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास, जस्टिस सचिन सिंह राजपूत और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच के रोस्टर में बदलाव किया गया है।

# 10 महीने से गैस सिलेंडर नहीं लेने वाले अचानक जागे, सारे लाइन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

रसोई गैस के ऐसे ग्राहक जिन्होंने बीते दस-दस महीनों में भी गैस सिलेंडर की रिफिलिंग नहीं कराई है, वे भी अचानक जाग चुके हैं, और गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों का दरवाजा खटखटा रहे हैं। हालत यह है कि शहर में जहां हर रोज 4 हजार गैस सिलेंडरों की बुकिंग होती थी, वहीं अब हर रोज 18 हजार सिलेंडरों की मांग की जाने लगी है। अचानक गैस लेने वालों के कारण वास्तविक एवं जरूरतमंद ग्राहकों को परेशान होना पड़ रहा है।

रसोई गैस की किल्लत क्या सच में है? या अफवाहों के कारण किल्लत बढ़ गई है, यह जांच का विषय हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि रसोई गैस के ऐसे ग्राहक जिनके द्वारा छह से दस महीनों में भी गैस की रिफिलिंग नहीं कराई गई है, वे लोग भी अचानक इसकी बुकिंग कराने में लगे हैं। ऐसा वे भविष्य की परेशानी को ध्यान में रख कर रहे हैं, या फिर गैस लेकर बाद में अधिक दामों में बेचने का चक्कर है, यह संदेहास्पद है। शहर में गैस एजेंसियों के जहां-जहां भी गोदाम हैं, वहां नजारा कुछ अलग ही नजर आ रहा है।

ऑनलाइन बुकिंग पर भरोसा न जताते हुए लोग सीधे एजेंसी ही पहुंच रहे हैं, जिससे सिलेंडर लेने वालों की लंबी लाइन कुछ इस तरह से सड़कों पर नजर आ रही है, जैसे रसोई गैस का सच में बड़ा भीषण अकाल पड़ चुका है। जिला प्रशासन, खाद्य विभाग एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा रसोई गैस की किसी भी तरह की कमी नहीं होने को लेकर आश्वस्त करने के बाद भी लोग तनाव में आकर ऐसा प्रदर्शन करने लगे हैं, जिससे सच में गैस का संकट नजर आने लगा है।

### एक सप्ताह में हो रही डिलिवरी

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार किसी ग्राहक के द्वारा सामान्य दिनों में बुकिंग कराने के बाद दो दिनों में गैस रिफिल की डिलिवरी हो जानी चाहिए। आज की स्थिति में देखें तो यह आंकड़ा दो से बढ़कर तीन दिनों का हो सकता है। जबकि सच्चाई यह है कि लोगों को गैस की डिलिवरी मिलने में एक-एक हफ्ते से भी अधिक का समय लग जा रहा है।

### बुकिंग में 30 गुना बढ़ोतरी, सर्वर ठप

लोगों के मन में गैस का बड़ा संकट पैदा हुआ और उन्होंने दनादन मोबाईल से कंपनियों में गैस की बुंकिंग शुरू कर दी। इसमें ऐसे लोग भी शामिल थे, जिन्हें पिछली बार बुकिंग कराए 21 दिन पूरे भी नहीं हुए थे। हालत यह थी कि सामान्य दिनों की तुलना में एक दिन में होने वाली बुकिंग की संख्या तीस गुना तक बढ़ गई। इसका नतीजा यह हुआ कि सर्वर ठप हो गया।

- 4 की जगह 18 हजार सिलेंडरों की हो रही बुकिंग, लोगों को लग रहा गैस का संकट है



### ग्राहक बनकर घूम रही खाद्य विभाग की टीम

घरेलू गैस की सहज सप्लाई को लेकर जिला प्रशासन सख्त रवैया अपना रहा है। इसके लिए न केवल छापामार अभियान चलाकर कालाबाजारी करने वालों के गैस गोदाम सील किए जा रहे हैं, बल्कि खाद्य विभाग की टीम खुद ग्राहक बनकर ब्लैक में गैस खरीदने कालाबाजारियों के ठिकानों तक पहुंच रही है। शुक्रवार को भी टीम के कई अधिकारियों ने कालाबाजारी की सूचना पर शहर में कई स्थानों पर छापेमारी की है, हालांकि पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी।

### पर्याप्त स्टाक

घरेलू गैस की उपलब्धता में कहीं कोई दिक्कत नहीं है। सारी कंपनियों के पास स्टॉक पर्याप्त है। बड़ी दिक्कत यह है कि लोग पैनिक हो रहे हैं, जिससे ऐसा वातावरण बन रहा है कि गैस का बड़ा संकट है, जबकि स्थिति एकदम सामान्य है। होली त्योहार में छुट्टियों के कारण थोड़ा व्यवधान जरूर हुआ है, लेकिन यह किसी तरह की शार्टेज की वजह से नहीं था।

**- हेमप्रकाश साहू,** नोडल अधिकारी, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड

# जाल में फंसा आठ फीट का मगरमच्छ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




वन विभाग ने किया रेस्क्यू

रतनपुर वन परिक्षेत्र के आठा बीसा तालाब में एक मगरमच्छ जाल में फंस गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। वहीं सूचना मिलने के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया गया।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तालाबों की नगरी रतनपुर में शुक्रवार की सुबह हड़कंप मच गया, जब आठा बीसा तालाब में मछली पकड़ने के दौरान मछुओं के जाल में एक बड़ी मगरमच्छ फंस गया। मगरमच्छ को देखने के लिए मौके पर लोगों की काफी भीड़ एकत्रित होने लगी। सुबह कुछ मछुआरे प्रतिदिन की तरह तालाब में जाल डालकर मछली निकाल रहे थे। अचानक उनका जाल असामान्य रूप से भारी हो गया। मछुओं ने जाल को खींचकर बाहर निकाला तो उसमें एक विशाल मगरमच्छ फंसा हुआ दिखा। मगरमच्छ की लंबाई 7 से 8 फीट की थी। अचानक मगरमच्छ को देखकर मछुआरे और आसपास मौजूद लोग घबरा गए। भीड़ बढ़ते देख स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर मगरमच्छ को अपने कब्जे में लिया। टीम ने सुरक्षा के साथ मगरमच्छ को जाल से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उसके स्वास्थ्य की जांच करने के बाद उपयुक्त प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

# नशीली कफ-सिरप की तस्करी करने वाली महिला समेत 4 की सजा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- हाईकोर्ट ने कहा- एनडीपीएस एक्ट का अपराध समाज के लिए बहुत गंभीर
- बिलासपुर के तोरवा क्षेत्र का मामला, हेमूनगर में पुलिस ने की थी कार्रवाई

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डीबी ने प्रतिबंधित कफ सिरफ रखने के आरोप में सत्र न्यायालय से हुई सजा के खिलाफ आरोपियों द्वारा कार्रवाई त्रुटिपूर्ण होने के आधार पर बरी करने की मांग को लेकर पेश अपील को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 केवल किसी व्यक्ति की निजी तलाशी पर लागू होती है, न कि किसी वाहन, बैग, कंटेनर या परिसर की तलाशी पर इसलिए, धारा 50 का पालन न करने की दलील मान्य नहीं होगी।

तोरवा थाने में पदस्थ एसआई भरत लाल राठौर को गत 13 सितंबर 2023 को लगभग 6.40 बजे, सूचना मिली कि काली कुर्ती और लाल लेगिस पहनी एक महिला तीन लोगों के साथ शोभा विहार, हेमूनगर, बिलासपुर में कल्चरल स्टेज और योगा सेंटर के पास गैर-कानूनी तरीके से बेचने के लिए नशीला कफ सिरप ले जा रही है। एसआई ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों देते हुए श्रीमती स्नेहा गोयल पत्नी राम गोयल उम्र लगभग 33 वर्ष हेमू नगर शोभा विहार, पुष्पेंद्र निर्मलकर पुत्र ओमप्रकाश निर्मलकर उम्र 29 वर्ष निवासी गाँव- जर्वे, अमर जांगड़े पुत्र संतोष जांगड़े 27 वर्ष निवासी - गाँव - जर्वे, देवा रजक पुत्र धरमलाल रजक उम्र 28 वर्ष निवासी तोरवा दाऊबाबू मंदिर के पास थाना तोरवा को मौके से हिरासत में लेकर जांच की। जांच में श्रीमती स्नेहा गोयल के कब्जे से एक प्लास्टिक का बोरा जिसमें कफ सिरप की 100 बोतलें थीं। प्रत्येक में 100 एमएल इस तरह कुल दस हजार एमएल खप सिरप पाया गया। आरोपियों के कब्ज़े से कुल 145 बोतल कफ सिरफ बरामद की गईं। सत्र न्यायालय ने प्रत्येक आरोपी को 15 वर्ष कैद एवं डेढ़ लाख रुपए की सजा सुनाई गई थी। इसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील पेश की थी जो कि खारिज कर दी गई।



## खबर संक्षेप

### बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 24 तक

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में संविदा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की पात्रता-अपात्रता सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। नोडल अधिकारी के अनुसार अभ्यर्थी 24 मार्च को शाम 5 बजे तक लिखित माध्यम से नोडल अधिकारी, बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट चकरभाठा बिलासपुर के पते पर अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाली दावा-आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि एयरपोर्ट में विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए 28 दिसंबर 2025 तक पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित तिथि तक कुल 802 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर के 34, असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव के 51, लेखापाल के 57 तथा सहायक ग्रेड-3 के 578 आवेदन शामिल हैं। इसके अलावा 82 आवेदन ऐसे पाए गए जिनमें पदनाम अंकित नहीं था, जिन्हें विज्ञापन में प्रकाशित सामान्य निर्देशों के अनुसार अपात्र माना गया है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर पदवार पात्रता-अपात्रता सूची तैयार की गई है, जिस पर अब अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति मंगाई गई है।

### मितवा महिला कल्याण एवं सेवा समिति की खेल प्रतियोगिता



**बिलासपुर।** मितवा महिला कल्याण एवं सेवा समिति ने इमलीभाठा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं का सम्मान किया। महिलाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि व वक्ता समाजसेवी रेखा गुल्ला ने कहा कि नेत्रदान बहुत बड़ा दान होता है। मुख्य अतिथि श्रीमती गुल्ला नेत्र प्रकोष्ठ प्रभारी प्रांत ने नेत्रदान एवं नेत्र अवेयरनेस के बारे में जानकारी दी और कहा कि आज महिलाएं निरंतर आगे बढ़ कर पुरूषों से कदम से कदम मिला कर चल रहीं हैं। कानूनी मार्गदर्शन केंद्र से आईं दिव्या जायसवाल ने बताया कि कामकाजी महिलाओं के लिए हर क्षेत्र में पॉश समिति का गठन किया जाता हैं। उन्होंने घरेलू हिंसा एवं विभिन्न प्रकार के कानून की विषय पर भी चर्चा की। सेवा भारती की लता गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण के बारे में प्रकाश डाला। वार्ड पार्षद रेखा सूर्यवंशी ने महिलाओं की उत्थान एवं विकास पर चर्चा की। कार्यक्रम में संध्या यादव, ममता, शांता सूर्यवंशी, इंदू यादव, शारदा यादव, नीलम डोगरे, तृप्ति साहू, स्वाति गुप्ता, फ्रांसिस्का एक्का, रत्ना सोनी, दीपिका ठाकुर उपस्थित रहीं।

### राष्ट्रपति का अपमान, भाजपाइयों ने फूंका ममता का पुतला



**बिलासपुर।** देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के बंगाल दौरे दौरान पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अपमान किए जाने से भाजपा में काफी नाराजगी है। इसी के विरोध को लेकर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा शुक्रवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। भाजपा के कार्यकर्ता दोपहर करीब 12 बजे श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक के पास एकत्रित हुए और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के खिलाफ ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्याम सिंह ध्रुव ने बताया कि देश की आदिवासी समाज की महिला राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के बंगाल दौरे के दौरान उनका अपमान किया गया था। इस अपमान के विरोध में ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष लखनलाल पैकरा, जिला महामंत्री सचिन कायरवार, अमित टोप्पो, प्रकाश कायरवार, भारती परते, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष वैभव गुप्ता, धीरेंन्द्र केशरवानी, जुगल अग्रवाल, पार्षद गणेश रजक, सनी केसरी, शैलेश मिश्रा, रीना गोस्वामी, संध्या चौधरी, पायल खत्री, सुनीता राज, रिंकू मित्रा, मनीष गुप्त, शैलेश मिश्रा, राघवेन्द्र राव, परेश श्रीवास्तव, योगेश सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र, आयुष, बलराम सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 6 वर्षीय नन्हें बालक अहमद ने रखा रोजा

**बिलासपुर।** बाबजी पार्क सोफिया हाउस डुप्लेक्स 16 निवासी



6 वर्ष के अहद अहमद खान ने अपना रोजा रखा। केजी 3 में पढ़ने वाले अहमद आदिल खान एवं शाहीन खान के बेटे एवं अयाज खान और एजाज खान के भतीजे हैं। उन्होंने बताय कि रोजा के दौरान उन्हें काफी सुकान मिल रहा है। उन्होंने समाज व देश की खुशहाली की कामना की है।

### विश्व ग्लूकोमा सप्ताह, राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण पर कार्यक्रम

**बिलासपुर।** विश्व ग्लूकोमा सप्ताह राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व ग्लूकोमा का आयोजन किया जा रहा है। 8 से 14 मार्च के बीच जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुभा गरेवाल के मार्ग दर्शन में स्वास्थ्य केन्द्रों पर ग्लूकोमा की बीमारी की रोकथाम के लिए प्रयास किया जा रहा है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभा गरेवाल ने बताया कि शुक्रवार को जिला अस्पताल में ग्लूकोमा बीमारी के संबंध में जानकारी दी। ग्लूकोमा ऐसी अवस्था है जिसमें नेत्र गोलक के अंदर दबाव (इन्ट्रा अकुलर प्रेशर) बढ़ जाता है, प्रेशर बढ़ने से आंख के पर्दे व नस को संवेदनहीन हो जाते हैं, समय में जांच नहीं होने से व्यक्ति दृष्टिहीन हो जाता है। इस दौरान डॉ मनोज सिंह, डॉ. रोहित गहवई, राजेन्द्र शर्मा, अनुप सिंह, श्रीमती अंजली साहू, श्रीमती समीक्षा विश्वकर्मा, श्रीमती संगीता गेडाम, रूपेश निर्मलकर, स्टॉफ नर्स श्रीमती शोभा गार्डिया, श्रीमती जुली मुखर्जी उपस्थित रहे। इस दौरान 13 मोतियाबिंद मरीजों का आपरेशन भी किया गया।

---

**पुलिस लाइन में वार्षिक निरीक्षण** — एसएसपी ने जवानों की अनुशासन, सजगता और समन्वय क्षमता का परीक्षण किया

# परेड में टर्न आउट और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को एसएसपी ने किया पुरस्कृत

**बिलासपुर।** पुलिस लाइन के वार्षिक निरीक्षण के मौके पर एसएसपी रजनेश सिंह ने शुक्रवार लाइन पहुंचे। इस दौरान जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण की शुरुआत परेड से हुई, जिसमें अधिकारियों और जवानों के टर्न आउट की जांच की गई।



पुलिस लाइन में परेड के दौरान स्क्वाड ड्रिल, मार्चपास्ट, सलामी शस्त्र, शस्त्र अभ्यास, दिशा परिवर्तन, बलवा ड्रिल और फायरिंग अभ्यास कराया गया। बेहतर टर्न आउट और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया, जबकि कमजोर प्रदर्शन करने वालों को अनुशासनात्मक चेतावनी भी दी गई। परेड में 326 अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। इनमें 11 राजपत्रित अधिकारी, 17 निरीक्षक, 16 उप निरीक्षक, 16 सहायक उप निरीक्षक, 42 प्रधान आरक्षक, 178 आरक्षक और 46 महिला आरक्षक शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परेड के दौरान जवानों की अनुशासन, सजगता और समन्वय क्षमता का परीक्षण किया।

परेड के बाद एसएसपी ने पुलिस सम्मेलन आयोजित कर अधिकारी-कर्मचारियों से सीधे संवाद किया। सम्मेलन में जवानों ने स्वास्थ्य, स्थानांतरण, वेतन, सेवा और आवास से जुड़ी समस्याएं रखीं। एसएसपी ने इन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस मुख्यालय और रेंज मुख्यालय से जारी निर्देशों की जानकारी देते हुए पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही मोबाइल पेट्रोलिंग बढ़ाने, जवाबदेही सुनिश्चित करने, पारदर्शिता बनाए रखने और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने थानों को इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय रहने, सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने, महिला और बाल सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के लिए भी कहा।

### बीट सिस्टम मजबूत करने पर दिया जोर

एसएसपी ने बीट प्रणाली को पुलिसिंग का मजबूत आधार बताया। थाना और चौकी प्रभारियों को इसे प्रभावी तरीके से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीट अधिकारी यदि अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे और लोगों से नियमित संपर्क बनाए रखेंगे तो क्षेत्र में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और अपराध की रोकथाम में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा उपयोग किए जा रहे अनुभव और सशक्त एप के माध्यम से चोरी के 20 से अधिक वाहन बरामद किए जा चुके हैं। इन एप के जरिए थानों और चौकियों की कार्यप्रणाली की निगरानी भी की जा रही है, जिससे पुलिस की जवाबदेही और

### पुलिस आवास निर्माण से मिलेगी सुविधा

जिला पुलिस को आधुनिक संसाधनों से लैस करने के लिए नए वाहनों की भी व्यवस्था की गई है। इसमें 16 बोलेरो हल्के वाहन, दो मध्यम मालवाहक ट्रक और एक बस शामिल है। इन वाहनों के मिलने से थाना और चौकियों में पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा। पुलिस कर्मचारियों के लिए आवास सुविधा बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। वर्तमान में 108 नए पुलिस क्वार्टर स्वीकृत हुए हैं, जिनका निर्माण जल्द पूरा होने की उम्मीद है। आवास तैयार होने के बाद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को रहने की सुविधा मिल सकेगी। पुलिस बल को और बेहतर सुविधाओं से लैस करना है।

---

यात्रियों में मचा हडकंप, इमरजेंसी खिड़की से जान बचाने कूदे यात्री

# शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस बेपटरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहडोल से नागपुर की ओर जा रही एक्सप्रेस के पहिए अचानक बेपटरी होने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान अचानक कोच के पटरी से उतरने के कारण डरे सहमे यात्री इमरजेंसी खिड़की और दरवाजे से अपनी जान बचाने के लिए कूद गए।

वहीं घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बेपटरी हुए कोच को पटरी पर लाकर रवाना कर दिया। दूसरी ओर घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों ने जांच टीम बना दी है, जिसकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में ट्रेन हादसा कम होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। प्रतिमाह कोई न कोई मालगाड़ी के साथ यात्री गाड़ी बेपटरी हो रही है, जिससे ट्रेन यातायात तो प्रभावित हो रहा है। वहीं रेलवे को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी तरह का हादसा शुक्रवार की दोपहर एसईसीआर के नैनपुर रेलखंड पर हुआ। एसईसीआर बिलासपुर डिवीजन की ट्रेन शहडोल से नागपुर जाने वाली एक्सप्रेस 11754 के पहिए अचानक बेपटरी हो गए। यह घटना नैनपुर और खैररांजी रेलवे स्टेशन के बीच जंगल में हुई। इस दौरान ट्रेन की रफ्तार काफी कम थी, जिसके कारण भीषण दुर्घटना होने से बच गई। बेपटरी हुआ कोच पीछे एसएलआर से लगा हुआ था। अचानक कोच के पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जोरदार झटके के बाद यात्री खिड़की और गेट के दरवाजे से नीचे कूदकर अपनी जान बचाने में लग गए। घटना की सूचना मिलते ही एसईसीआर जोन और डिवीजन के अफसरों व कर्मचारियों में हड़कंच मच गया। तत्काल विभागीय तकनीकी टीम और एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन मौके पर रवाना की गई। यात्रियों में केवल एक महिला को मामूली चोट पहुंची थी। वहीं क्षतिग्रस्त हुए कोच को छोड़कर बाकी अन्य कोच को दो घंटे बाद आगे रवाना कर दिया गया।

### की जा रही जांच

जिस स्थान पर ट्रेन बेपटरी हुई वहां सिंगल लाइन है। ट्रेन के पीछे का कोच पटरी से उतरा था। करीब डेढ़ से दो घंटे के बाद व्यवस्था दुरुस्त कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। इसमें किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है, जिसकी रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

**-सुस्कर विपुल विलास राव,** सीपीआरओ, एसईसीआर

# गर्मी में जनरल और स्लीपर कोच खाली, लेकिन एसी फुल

**बिलासपुर।** गर्मी शुरू होते ही ट्रेनों के जनरल और स्लीपर कोच खाली-खाली जा रहे हैं, लेकिन एसी कोच में बर्थ के अनुसार यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। इसके कारण एसी फर्स्ट से लेकर एसी थ्री में सफर करने के लिए कई लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पा रही है। वहीं सुबह से दोपहर में चलने वाली गाड़ियों के जनरल व स्लीपर कोच में यात्री भी जाना पसंद नहीं कर रहे हैं।

दोपहर की तेज धूप के कारण स्लीपर और जनरल के कोच भी ऊपर से गर्म हो रहे हैं, जिसकी वजह से कोच के अंदर बैठकर सफर करने वाले यात्रियों की हालत भी बिगड़ने लगी है। इस तरह की परेशानी लोकल, पैसेंजर के अलावा एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों के स्लीपर एवं जनरल कोच के यात्रियों को हो रही है। सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट में आगे और पीछे मिलाकर चार जनरल कोच और 11 से 12 स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों की हालत पिछले कुछ दिनों से काफी खराब हो गई है। सुबह से शाम तक भीषण गर्मी के साथ तेज धूप और चलती ट्रेन में गरम हवाओं के थपेड़ों की वजह से यात्री परेशान होने लगे हैं।

### तत्काल में भी वेटिंग

जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में सारी ट्रेनों के एसी कोच की वेटिंग काफी बढ़ जाती है। एसी कोच में अगर एक भी वेटिंग हो तो उसे सफर करने की अनुमति नहीं है। गर्मी अधिक के कारण एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक हो गई है।

### ट्रेनों की वेटिंग

हावड़ा की ट्रेनो में 12261 हावड़ा दूरंतो के थ्री ए में 35, टू ए में 28, 12833 अहमदाबाद-हावड़ा के 3ए में 55, 2ए में 40, 12809 हावड़ा मेल के थ्री ए में 42, 12129 आजाद हिंद एक्सप्रेस के थी ए 35, 12859 गीतांजली एक्सप्रेस थ्री ए 67, 2ए 29, 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस थ्री ए 55, 22905 ओखा-शालीमार 3ए 18 की वेटिंग चल रही है। मुम्बई की ट्रेनों में 12810 हावड़ा-सीएसटीएम मेल के एसी थ्री में 28, 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस के थ्री ए में 58, 2ए में 25, 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस के थ्री ए 52, 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी 3ए 56, 12102 ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स के थ्री ए 58 है।

---

# खनिज का अवैध परिवहन, 5 हाइवा 6 ट्रैक्टर ट्राली सहित 11 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



थाना परिसर में खड़ी जब्त वाहन।

खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के मामले में खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए 11 मार्च से 13 मार्च तक 5 हाइवा व 6 ट्रैक्टर ट्राली सहित 11 वाहन जब्त किए गए। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

खनिज विभाग के अफसरों ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं उप संचालक के मार्गदर्शन मे जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अनुसार 11 मार्च से 13 मार्च तक तीन दिन खनिज अमला बिलासपुर द्वारा निरतु, लोफन्दी, कच्छार, लछनपुर, रतनपुर लमेर,लारिपारा घुटकू,निरतु सेंदरी, कोनी, बिरकोना, मोपका, चकरभाठा, दर्रीघाट, जयरामनगर मस्तूरी क्षेत्र की जाँच की गयी। जाँच के दौरान लारिपारा क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 2 ट्रैक्टर ट्राली, सेंदरी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर ट्राली, कोनी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 1 हाइवा वाहन, जयरामनगर मस्तूरी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 3 हाइवा वाहन व गिट्टी का अवैध परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को जब्त किया गया है। इस प्रकार 11 वाहनों को जब्त किया गया है। इन वाहनों को पुलिस थाना कोनी व जाँच चौकी लावर की अभिरक्षा मे रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है।

# हाथकरघा प्रदर्शनी का कल अंतिम दिन

**बिलासपुर।** छग शासन ग्रामोद्योग विभाग, संचालक ग्रामोद्योग हाथकरघा के सौजन्य से जिला हाथकरघा कार्यालय बिलासपुर के माध्यम से कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी

**बिजनेस प्लस**

सह विक्रय 8 मार्च से राघवेन्द्र राव सभा भवन, कम्पनी गार्डन के पास प्रारंभ किया गया है। इसका समापन 15 मार्च को किया जाएगा।



उप संचालक एवं नोडल अधिकारी छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग हाथकरघा डोमूदास धकाते ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगभग 50 हजार बुनकरों के द्वारा वस्त्र उत्पादन को अपनी आजीविका का साधन बनाया हुआ है। जिसमें लगभग 50 प्रतिशत महिला बुनकरों की भागीदारी है। उन्होंने बताया कि महिला बुनकरों के द्वारा हाथकरघा वस्त्र उत्पादन को अपने रोजगार का साधन बनाने से घर पर ही कार्यस्थल प्राप्त हुआ है जिससे महिलाए अपनी घर के कार्य के साथ-साथ वस्त्र उत्पादन का कार्य करते हुए अपने सभी घर के दायित्वों को पूरा कर रही है। महिला बुनकरों को घर पर ही रोजगार प्राप्त होने से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय हाथकरघा वस्त्र उत्पाद को एक ही छत के नीचे आम उपभोक्ता तक सीधे पहुंचना, बुनकर वस्त्र उत्पादक के लिए नियमित रोजगार के अवसर में वृद्धि करना। छत्तीसगढ़ में हाथकरघा पर वस्त्र उत्पादन महिलाओं के लिए आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, और कई हूरनमंद महिलाये बुनकरी के माध्यम से अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो रही है।

राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत डिजाईनों की कोसा साड़ी का प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शनी में शतप्रतिशत कोसा साड़ी, सूट, जैकेट, कॉटन शर्टिंग एवं सुटिंग की बिलासपुर के नागरिकों के द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है।

---

**एसईसीएल मानव संसाधन विभाग - सीएमपीएफओ की संयुक्त पहल**

# अप्रैल 2025 से अब तक पीएफ एवं पेंशन के 846 मामलों का किया गया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल के सतर्कता विभाग की अगुआई में एसईसीएल में पीएफ-पेंशन विभाग एवं कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) के संयुक्त प्रयासों से अप्रैल 2025 से अब तक पीएफ एवं पेंशन के 846 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। यह पहल विशेष रूप से दिवंगत कर्मियों की विधवाओं और आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा लाभ समय पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुई है। इन मामलों में बड़ी संख्या मृत कर्मचारियों के आश्रितों, विशेषकर विधवा एवं बाल पेंशन से संबंधित मामलों की थी। ऐसे मामलों में विलंब से लाभ मिलने के कारण परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संवेदनशील विषय को गंभीरता से लेते हुए एसईसीएल के सतर्कता विभाग ने 5 अप्रैल 2025 को सीएमपीएफओ और प्रबंधन के साथ इस मुद्दे को औपचारिक रूप से उठाया।




### संयुक्त बैठक और सतत निगरानी से तेज हुई प्रक्रिया

सतर्कता विभाग की पहल के बाद 22 अप्रैल 2025 को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सीएमपीएफओ तथा विभिन्न क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ एक तात्कालिक संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें लंबित मामलों की केस-वाइज समीक्षा की गई और उनके शीघ्र निपटारे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही पीएफ-पेंशन मामलों की प्रगति पर सतत निगरानी सुनिश्चित करने के लिए मासिक समीक्षा तंत्र भी शुरू किया गया।

### 'प्रयास' शिविरों से क्लेम सेटलमेंट में तेजी

मामलों के त्वरित निपटारे के लिए सीएमपीएफओ की पहल पर "प्रयास" नामक विशेष अभियान के अंतर्गत एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में जुलाई 2025 से फरवरी 2026 के बीच कुल 9 पीएफ-पेंशन शिविर आयोजित किए गए। शिविरों से लाभार्थियों को सीधे सहायता प्रदान की गई तथा लंबित मामलों के समाधान की प्रक्रिया को तेज किया गया। परिणामस्वरूप अप्रैल 2025 से अब तक प्रति माह औसतन लगभग 75 मामलों का निपटारा संभव हो पाया है। इस अभियान के चलते न केवल पुराने लंबित मामलों का तेजी से समाधान हुआ, बल्कि नए आने वाले मामलों के भी त्वरित निपटारे की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। प्रबंधन द्वारा पूर्व कर्मचारियों के आश्रितों से रैंडम फोन कॉल के माध्यम से सत्यापन किया गया तथा पेंशन भुगतान आदेश प्राप्त कर उनकी निगरानी भी की गई।

### 7 दिनों में मिला पेंशन आदेश परिवार ने जताया आभार

एसईसीएल मुख्यालय के स्वर्गीय कर्मचारी भारत भूषण की पत्नी विमला भूषण के विधवा



पेंशन क्लेम का निपटारा मात्र 7 दिनों में कर दिया गया। 9 मई 2025 को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होने के बाद 13 मई को प्रस्ताव भेजा गया और 15 मई 2025 को पेंशन भुगतान आदेश जारी कर दिया गया। स्वर्गीय भारत भूषण के पुत्र नीरज भूषण ने कहा कि "हमें उम्मीद नहीं थी कि प्रक्रिया इतनी तेजी से पूरी हो जाएगी। मेरी माता की विधवा पेंशन का निपटारा बहुत कम समय में हो गया। इससे हमारे परिवार को बड़ी राहत मिली है।

### दो सहायक शिक्षक सस्पेंड

**बिलासपुर।** मस्तूरी ब्लाक के दो अलग-अलग प्राथमिक स्कूलों में पदस्थ सहायक शिक्षकों के खिलाफ शराब के नशे में स्कूल आने और शिक्षकीय आचरण के विपरीत व्यवहार करने की शिकायत सही पाए जाने पर सस्पेंड कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे के मुताबिक ग्राम पंचायत जुनवानी स्थित शासकीय प्राथमिक में 6 मार्च को ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि स्कूल के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक संदीप रात्रे को शराब के नशे में पाया। बीईओ की जांच में भी शिकायत सही मिली। दूसरे मामले में मस्तूरी ब्लॉक के पीएमश्रीम शासकीय प्राथमिक शाला कुकुर्दीकला में पदस्थ व सहायक शिक्षक उत्तम कुमार कंवर के खिलाफ भी शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत सामने आई थी। दोनों शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया गया है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एग्जाम अपडेट

## यूपीएससी में कंबाइड मेडिकल सर्विस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने कंबाइड मेडिकल सर्विस (CMS) परीक्षा के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं। वे




उम्मीदवार यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर विजिट कर सकते हैं। परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को शुरू कर दी गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 31 मार्च, 2026 तक इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। महिला, एससी एवं एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस में छूट दी गई है। इसके साथ ही अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 200 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में जमा करना होगा।

### अधिकतम आयु 32 वर्ष कंबाइड मेडिकल सर्विस

परीक्षा में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 32 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। विशेष वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीबीएस की डिग्री होनी चाहिए। इस दिन होगी परीक्षायूपीएससी की ओर से कंबाइड मेडिकल सर्विस परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 02 अगस्त, 2026 को किया जाएगा। उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा में कुल दो पेपर होंगे। यह परीक्षा 500 अंकों के लिए आयोजित कराई जाएगी।

आयोजन

## 36वां बिलासा महोत्सव आज से संगीत, नृत्य के साथ होगी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** 37 वर्ष से लगातार छत्तीसगढ़ की संस्कृति साहित्य कला जल पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन के लिए बिलासपुर की अग्रणी संस्था बिलासा कला मंच द्वारा आयोजित दो दिवसीय 36 वां बिलासा महोत्सव 14 मार्च को लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर गोलबाजार में प्रारंभ होगा। मंच के डॉ सोमनाथ यादव ने बताया कि लोक कला को मंच मिले उनका संरक्षण हो इस उदेश्य से बिलासा महोत्सव का आयोजन हर वर्ष तीन दिन का किया जाता रहा है जो वर्तमान में दो दिन किया गया है। 14 मार्च को शाम 7 बजे महोत्सव शुरू होगा जिसमें रायपुर के लोककलाकार गौतम चौबे एवं साथी कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति ददरिया, नाचा की प्रस्तुति के साथ राजनांदगांव की लोक कलाकार हिमानी वासनिक एवं साथी कलाकारों द्वारा भर्तृहरि गायन की सुंदर प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा बिलासपुर के लोक कलाकार रामावतार चंद्राकर और साथी कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत संगीत नृत्य का रंगझाझर प्रस्तुति देने के साथ ही वीएम स्कूल सिरगिट्टी के बच्चों द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। बिलासा महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अटल श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा के डॉ रजनीश पांडेय रहेंगे।

कार्यक्रम

## दिव्यांग बच्चों ने दी गीत, नृत्य की प्रस्तुति, सम्मान भी किया गया



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत बिलासपुर इकाई ने ज्ञानदीप स्पर्श कन्या विद्यालय तिफरा में 60 दृष्टि बाधित बच्चियों, प्रधानाचार्य ज्योति तिवारी एवं शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। दिव्यांग बच्चों ने गीत, नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कविता पढ़ कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अरुण अग्रवाल को बच्चों द्वारा बनाए गए गुलदस्ता और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। डॉ अग्रवाल ने स्वस्थ रहने के लिए खान-पान पर ध्यान देने एवं मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी। सवाल जवाब एवं समाधान भी किया गया। बच्चियों के जरूरत को देखते हुए मार्क हॉस्पिटल के सहयोग से अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन निःशुल्क लगवाने का आश्वासन दिया। पंचायत की प्रांत महिला प्रमुख एवं शासकीय अधिवक्ता सुनीता मानिकपुरी ने सभी बच्चियों को अपने अधिकार, गुड टच और बेड टच के बारे में जानकारी दी। जिला अध्यक्ष निर्मल घोष ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के बारे में बताया। समाज सेविका किरण सिंह ने प्रधानाचार्य एवं बच्चों की सराहना की। महिला अध्यक्ष शेफाली घोष ने बच्चियों की परफॉर्मेंस की सराहना की एवं सभी टैलेंटेड बच्चों के कल्चरल प्रोग्राम के लिए प्लेटफार्म देने का संकल्प लिया।

**रोज 3 से 4 लीटर पानी पिएं, दोपहर 1 से 4 बाहर निकलने से बचें**

होली को महज सफ्ताह भर ही हुए है,मगर तेज धूप और गर्मी अप्रैल और मई सा अहसास करा रही है। अचानक मौसम में बदलाव का असर शरीर पर भी पड़ रहा है, जिससे वायरल फीवर व सर्दी-खांसी जैसी तमाम परेशानी लोगों को हो रही है। इस अचानक तापमान बदलाव से लोगों को खास ध्यान रखने की आवश्यकता है।

# मार्च की तेज धूप से पारा गर्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एमडी डॉ मंदार गोकाटे ने बताया कि बढ़ती तेज गर्मी में लोग हाइट्रेट रखने अधिक से अधिक पेय पदार्थों का सेवन करे और प्रतिदिन तीन से चार लीटर पानी का सेवन जरूर करना चाहिए और बहुत अधिक जरूरी हो तभी घर के बाहर दोपहर 1 बजे के बाद निकले बेवजह बाहर निकलने से बचे। गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थानीय बाजारों में शीतल पेय पदार्थ गन्ने का रस, बेल का शर्बत, नीबू पानी, आम का जूस,लस्सी आदि की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि स्थानीय बाजार में इन पेय पदार्थों की दुकानें सज गई हैं और लोग खुद को गर्मी से राहत देने के लिए इसका सेवन भी कर रहे हैं। लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि मार्च महीना का यह हाल है तो आने वाले अप्रैल-मई में क्या हाल होगा, दूसरी तरफ गर्मी के बढ़ते असर से सुबह 10 बजे से ही तेज धूप लोगों को तपाने लगी है। लोग खुद को हाइड्रेटेड व तरोताजा रखने लोग शीतल पेय पदार्थों से एनर्जी बूस्ट करते दिख रहे हैं।

### असामान्य बदलाव में स्वयं को रखें स्थिर



चाईल्ड स्पेशलिस्ट डॉ शिखा अग्रवाल ने बताया कि मार्च का समय दिनभर तेज गर्मी और रात को हल्की ठंड महसूस होती है। इस तरह का असमान बदलाव शरीर को बहुत प्रभावित करता है,इसलिए बच्चे हो या बड़े हर कोई शरीर को बहुत ठंडा व गर्म ना रहने दे। बाहर का खान-पान दोपहर में बाहर निकलने से बचना चाहिए।

### ओल्डऐज व बीपी पैसेंट रखें विशेष ध्यान



एमडी डॉ मंदार गोकाटे ने बताया कि गर्मी में ओल्डऐज व बीपी पैसेंट को विशेष ध्यान रखना चाहिए। तेज धूप से बीपी मरीज को बहुत प्रभाव पड़ता है,इससे चक्कर आना व अन्य परेशानी आती है। इसलिए ओल्डऐज व बीपी मरीजों को तेज धूप में बिल्कुल नहीं निकलना चाहिए।

### हाइड्रेट रहने पेय पदार्थो से एनर्जी कर रहे बूस्ट

#### नारियल पानी, लस्सी, गन्ना रस व तरबूज कर रहा ठंडा

शहर के जूस सेंटर, फल दुकानों, बेकरी कैफे, नारियल पानी व गन्ने रस के स्टॉल पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। अभी से जूस सेंटर, फल दुकानों, बेकरी कैफे, नारियल पानी व गन्ने रस के स्टॉल पर पेय पदार्थों की बढ़ती मांग ने कारोबारियों में अच्छी मुनाफे की उम्मीद जगा दिया है। थोक कारोबारी मनोज साहू ने बताया कि शहर में इस गर्मी के सीजन में पेय पदार्थों का कारोबार अच्छा रहने की उम्मीद है।



दोपहर के तेज धूप और बढ़ते पारा से नेहरू चौक रहा सूनसान।

### स्वास्थ्य के लिए लाभदायक पर रहें सावधान

शहर के डायटिशियन पूजा शर्मा के अनुसार गर्मी में शरीर को तुरंत ऊर्जा देने और हाइड्रेटेड रखने के लिए सबसे अच्छे शीतल पेय नारियल पानी, नींबू पानी, शिकंजी, छाछ, आम पन्ना, गन्ने का रस और बेल का शरबत है। ये प्राकृतिक पेय इलेक्ट्रोलाइट्स की भरपाई करते हैं और लू से बचाते हैं। लेकिन, इनका घर से बाहर सेवन करते समय स्वच्छता व हाइजीन का ध्यान देने की जरूरत होती है। वहीं, लोगों को कोलड्रिंक, आइसक्रीम जैसे शीतल पदार्थों का सेवन करते समय सावधान रहना चाहिए।



### तमिलनाडु व कर्नाटक से रोजाना नारियल पहुंच रहा

थोक सब्जी व फल मंडी के पदाधिकारी ने बताया कि मंडी में रोजाना 2 से 3 ट्रक नारियल की आवक हो रही है। इससे बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में रोजाना खपत हो रही है। गर्मी जैसे-जैसे बढ़ेगी इसकी मांग व आवक दोगुना हो जाएगा। वर्तमान में अच्छी क्वालिटी का नारियल पानी प्रति नग चिल्हर में 60 से 90 रुपए तक बिक रहा है।

## होली मिलन में नगर विधायक अमर अग्रवाल हुए शामिल



कुंदन पैलेस में आयोजित कार्यकर्ता होली मिलन समारोह में नगर विधायक अमर अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर बिलासपुर के वरिष्ठ नेताओं, सभी मंडलों के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से कुंदन पैलेस का मैदान होली के रंगों में सराबोर हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस मनोरम और उत्साहपूर्ण वातावरण में अमर अग्रवाल की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। फाग गीतों की मधुर धुनों के बीच आयोजित इस समारोह को उन्होंने अत्यंत आनंदमय बताया। अमर अग्रवाल ने कहा कि होली का यह पावन पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है।

ऐसे आयोजन संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हैं तथा कार्यकर्ताओं के बीच आपसी आत्मीयता को बढ़ाते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उगादी महोत्सव की बैठक 19 को

बिलासपुर। तेलुगू नववर्ष उगादी महोत्सव के लिए तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति, के महिला एवं पुरुष विंग का एक अति आवश्यक बैठक ईशिका पार्क के भवन में 19 मार्च को सुबह 9 बजे से रात्री 11 बजे तक, स्थान ईशिका पार्क, शिव पार्वती गार्डन, बंधवापारा तालाब, हेमू नगर में किया गया है।

जी रविकन्ना ने जानकारी दी कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति, बिलासपुर द्वारा 19 मार्च तेलुगू नववर्ष उगादी महोत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक बैठक समिति के महिला एवं पुरुष विंग द्वारा किया



**बच्चों की प्रतियोगिता होगी**

गया है। इस बैठक की अध्यक्षता महेंद्र कुमार पटनायक कर रहे थे और साथ में समिति के सह संरक्षक आर श्रीनिवास राव जी थे। इस बैठक में समिति के लगभग 60 सदस्य उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष व्ही मधुसूदनराव जी एवं सचिव जे जगन पटनायक ने बताया कि सुबह 9 बजे कार्यक्रम का शुरुवात दीप प्रज्वलन से होगा। दीप प्रज्वलन इस समारोह के विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी रहेगी।

## झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा निकलेगी 20 को

बिलासपुर। सिंधी युवक समिति द्वारा सिंधी समाज के सहयोग से समाज का नव वर्ष लाल साईं झूलेलाल की जयंती चेट्रीचंड्र महोत्सव पर एक भव्य शोभायात्रा निकालेगी। सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज ने बताया कि 20 मार्च को लाल साईं झूलेलाल की अखंड ज्योत बाहाराणा साहब के साथ सिंधी समाज की डांडियों की मौज मस्ती के साथ सामाजिक, धार्मिक, न्यायिक, ज्ञानवर्धक, सतरंगी झांकियों के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा की झांकियों में धार्मिक स्थली महाकाल की उज्जैन गंगा नगरी बनारस दिल्ली मुंबई के कलाकारों द्वारा सजीव जातियों की प्रस्तुति की जाएगी। सुबह 11 बजे



**झांकियों में उज्जैन, दिल्ली, मुंबई के कलाकारों की प्रस्तुति**

झूलेलाल साईं की भव्य प्रतिमा के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा बुधवारी बाजार से निकलकर बंधवापारा, धानमंडी रोड, गुरुनानक चौक, तोरवा नाका, जगमल चौक होते हुए दयालबंद, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, कंवरराम कपड़ा बाजार के रास्ते गोल बाजार, सदर बाजार, प्रताप चौक पुराने पुल से सरकंडा होते हुए नए पुल से नेहरू चौक, हेमू कलानी चौक, जरहाभाठा के रास्ते से सिंधी कॉलोनी में विसर्जित होगी।

कार्नर न्यूज

## समान अवसर और समावेशी वातावरण का निर्माण ही वास्तविक सामाजिक विकास का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में छठवें दिवस पर डॉ ज्योति पांडे रमन विश्विद्यालय प्रथम सत्र वक्ता रहीं। अपने उद्बोधन में डॉ ज्योति पांडे ने कहा कि उच्च शिक्षा में जेंडर समावेशन सामाजिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।



उन्होंने बताया कि जेंडर समानता आज वैश्विक प्राथमिकता है और शिक्षा के माध्यम से समाज में समान अवसर, सम्मान और नेतृत्व की भावना को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने विज्ञान, इतिहास, संस्कृति और समाज के संदर्भ में जेंडर समानता के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। साथ ही यह भी बताया कि समाज में व्याप्त जेंडर स्टिरियोटाइप्स, असमानता और भेदभाव को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा, शोध, विज्ञान तथा तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जेंडर समानता, महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और रोजगार के अवसर, राजनीतिक प्रतिनिधित्व, वेतन असमानता तथा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई।

वक्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर और समावेशी वातावरण का निर्माण ही वास्तविक सामाजिक विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि जेंडर समानता वैश्विक प्राथमिकता बन चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य में भी महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के माध्यम से समाज में समानता, सम्मान और सहभागिता की भावना विकसित की जा सकती है।




### जेंडर केवल जैविक अंतर तक सीमित नहीं

द्वितीय सत्र में डॉक्टर शुभदा राहलकर ने कहा कि जेंडर केवल जैविक अंतर तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक संरचना भी है। जिसमें समाज द्वारा निर्धारित भूमिकाएं, अपेक्षाएं और व्यवहार शामिल होते हैं। समाज में प्रचलित रूढ़िवादिता और जेंडर स्टिरियोटाइप्स के कारण महिलाओं को कई क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बायोलॉजी शारीरिक सिस्टम के माध्यम से उन्होंने मेल एवं फीमेल के बॉडी सिस्टम से समानता एवं असमानता को समझाया व्याख्यान के दौरान उन्होंने विज्ञान, इतिहास, संस्कृति और समाज के संदर्भ में जेंडर समानता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### समाजिक सोच में बदलाव जरूरी

उन्होंने बताया कि स्टेम जैसे क्षेत्रों में अभी भी महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम है, जबकि शिक्षा और अवसर मिलने पर महिलाएं सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। प्रथम सत्र में डॉक्टर सरिता कोठारी डायरेक्टर बायो एक्सल ने अधिकार, शिक्षा व रोजगार के अवसर, राजनीतिक प्रतिनिधित्व, वेतन असमानता, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच तथा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### होली मिलन समारोह आज शामिल होंगे डिप्टी सीएम साव

**लोरमी।** जनपद परिवार की ओर से 14 मार्च शनिवार को मंगलम भवन में दोपहर 12 बजे से होली मिलन



कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें लोक गायिका गरिमा, स्वर्णा दिवाकर प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव शामिल होंगे।

### विकास बने भाजयुमो सिरगिट्टी मंडल के उपाध्यक्ष

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी मंडल में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का



विस्तार करते हुए बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की सहमति से मंडल अध्यक्ष हरीश साहू ने सिरगिट्टी निवासी विकास उर्फ निक्की दुबे को युवा मोर्चा का मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। विकास दुबे को यह दायित्व मिलने पर क्षेत्र के युवाओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विकास को व आशीर्वाद प्रदान करते हुए जिम्मेदारीपूर्वक अपने पद का निर्वहन करने की आशा जताई है।

### देशहा यादव समाज का होली मिलन कार्यक्रम कल

**सीपत।** जिला देशहा यादव समाज बिलासपुर एवं गोवर्धन पूजा समिति



के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम 15 मार्च को खैरा डगनिया के भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में जिले के सभी यदुवंशी शामिल होंगे। कार्यक्रम को प्रमुख रूप में फूलों की होली समारोह का नाम दिया गया है। समारोह को सफल बनाने में अनिल यादव अध्यक्ष अरपा परिक्षेत्र, कृष्ण कुमार यादव खारंग परिक्षेत्र एवं शिवशंकर यादव जिला अध्यक्ष जिला देशहा यादव समाज बिलासपुर अध्यक्ष गोवर्धन पूजा समिति बिलासपुर लगे हुए हैं।

## निधन

### विश्वनाथ अग्रवाल

**बिलासपुर।** शिव शक्ति हॉस्पिटल अमेरी चौक निवासी विश्वनाथ



अग्रवाल का 13 मार्च को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 14 मार्च को दोपहर 12 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डा. बांके बिहारी अग्रवाल और ब्रजेश अग्रवाल के पिता थे।

### ताराचंद वाधवानी

**बिलासपुर।** आनंदपुर दरबार के पास रहने वाले ताराचंद वाधवानी



का 13 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्तीधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कालोनी में किया गया। वे स्व. दुल्हनामल वाधवानी के सुपुत्र एवं जतिन वाधवानी के पिता एवं गोपालदास, खुशालदास, सुरेशकुमार के भाई थे।

### नोएल गॉटलिब

**बिलासपुर।** इंदु चौक, जरहाभाठा निवासी नोएल गॉटलिब का 13



मार्च को निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 14 मार्च को दोपहर 3.30 बजे प्रभु की वाटिका सिंधी कालोनी में किया जाएगा। वे अभिषेक, अविनाश, आशीष गॉटलिब के पिता थे।

### सिलेंडरों का दुरूपयोग रोकने होटलों में दी गई दबिश

# दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों से 10 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग को रोकने होटलों में छापेमार निरीक्षण की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग का मामला सामने आने पर सिलेंडरों को जब्त कर नियमानुसार सुपुर्दगी में दिया गया। दाऊपारा स्थित होटल में जांच के दौरान 14.2 किलोग्राम के 4 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए।



कार्रवाई करती खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम।

### लोरमी के प्रिंस होटल से जब्त किए गए 6 सिलेंडर

ग्राम सारधा स्थित प्रिंस होटल में राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल ने निरीक्षण के दौरान होटल के किचन में 14 किलो वाला 2 भरा एवं 4 खाली घरेलू लाल गैस सिलेंडर को अवैध रूप से उपयोग करते पाए जाने पर कर लिया। चूंकि व्यावसायिक प्रतिष्ठान में घरेलू गैस सिलेंडरो का उपयोग द्रवीकृत पेट्रोलियम प्रदाय वितरण एवं विनिमय आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन है, इसलिए उक्त गैस सिलेंडरो को होटल के संचालक से जप्त कर लोरमी इंडेन ग्रामीण वितरक के कर्मचारी अयोध्या सिंह को सुपुर्द किया गया। खाद्य विभाग निरीक्षक मनोज साहू ने बताया कि, जप्त सिलेंडर का उपयोग होटल संचालक द्वारा नाश्ता एवं मिठाई बनाने हेतु किया जा रहा था। इस दौरान नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश सोनी, शान्तनु तारम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धान की खरीदी नहीं नहीं होने से किसान परेशान

**तखतपुर।** मोछ के दो किसानों ने धान खरीदी नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टर को आवेदन लिखते हुए 10 अप्रैल से पहले धान की खरीदी नहीं होने पर कलेक्टर कार्यालय के सामने आत्मदाह की चोतावनी दी है।

■ कलेक्टर को लिखा आवेदन, आत्मदाह की चेतावनी

मोछ के किसान होरी लाल एवं बहोरन ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए कहा कि, हम दोनों के आय एवं आजीविका का मुख्य साधन कृषि है। जिससे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। 17 फरवरी को धान की टोकन जारी करने के लिए खाद्य अधिकारी को आवेदन दिया गया, परंतु अधिकारी के लापरवाही के कारण किसान धान बेचने से वंचित रह गए। कृषक होरी लाल एवं बहोरन लाल ने कलेक्टर बिलासपुर को आवेदन सौंपते हुए कहा है कि, उन्होंने 2 फरवरी को खाद्य अधिकारी को आवेदन दिया था परंतु उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण वे आर्थिक एवं मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित हो रहे हैं। धान नहीं बेच पाने के कारण वे पूर्व में लिए गए ऋण का वह भुगतान भी नहीं कर पा रहे हैं। दोनों ने कलेक्टर को आवेदन लिखा है, जिसमें उनकी धान की खरीदी की विनती की है। साथ ही यह भी चेतावनी दी है कि, 10 अप्रैल से पहले यदि उनकी धान की खरीदी नहीं की गई, तो वे कलेक्टर कार्यालय के सामने आत्मदाह करेंगे।

# भारी वाहनों के लिए नो एंट्री का समय निर्धारित

**बोदरी।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में पिछले 15 दिनों से जारी संघर्ष का सुखद परिणाम सामने आया है। स्थानीय जनता और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने धादापारा मार्ग और बोदरी वीआईपी एयरपोर्ट रोड पर भारी वाहनों के आवागमन के लिए कड़े नियम लागू कर दिए हैं।

■ स्कूली बच्चों और राहगीरों को मिलेगी बड़ी राहत



नए नियमों को तहत नो-एंट्री का समय अब सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। यह समय विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए तय किया गया है। तहसीलदार महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोयला और गिट्टी परिवहन करने वाली गाड़ियों पर तिरपाल लगाना अनिवार्य होगा।

साथ ही, ओवरलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसी क्रम में बोदरी वीआईपी एयरपोर्ट मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए गार्ड तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। इन सभी मांगों की गंभीरता को देखते हुए पर्यावरण विभाग, मुख्य नपा इंजीनियर तथा कोल वाशरी संचालकों ने पंचनामा तैयार कर अपने हस्ताक्षर किए हैं, और मांगों को पूरा करने का ठोस आश्वासन दिया है। इस मौके पर युवा कांग्रेस के सुनील साहू ने कहा कि, जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही से बच्चों और आम नागरिकों को होने वाली परेशानी का अब अंत होगा।

### विजयपुर को उपतहसील बनाने की स्वीकृति

**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह की पहल से अब विजयपुर को



उप तहसील बनाने की स्वीकृति राजस्व मंत्री के द्वारा की गई है। तखतपुर तहसील का क्षेत्र बहुत दूर तक फैला हुआ है, जिसके कारण यहां पर किसानों को भारी परेशानी होती है, साथ ही आने जाने में भी दिक्कत होती है। विजयपुर क्षेत्र के किसानों ने विधायक धर्मजीत सिंह से आग्रह किया था कि, विजयपुर को भी उप तहसील बनाया जाए, जिससे उनकी समस्या हल हो सके। किसानों की पीड़ा को समझते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने अपनी बात राजस्व मंत्री के सामने रखा थी। उनकी मांग पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विधानसभा में चर्चा किया कि, विजयपुर को उपतहसील बनाया जाए। इसकी जानकारी मिलते ही हुए क्षेत्र के किसानों में हर्ष है।

# खेल में एक टीम जीतती है दूसरी सीखती है: शुक्ला

**बिल्हा।** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उड़गन में युवा टीम की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस बिलासपुर अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उनका मनोबल बढ़ाया।



प्रतियोगिता का फाइनल उड़गन व मोपकी के बीच खेला गया, जिसमें मोपकी ने 17 रनों से जीत हासिल की। अतिथियों ने विजेता टीम मोपकी को प्रथम पुरस्कार 30 हजार 1 रुपए व शील्ड द्वितीय प्रदान किया। वहीं उपविजेता उड़गन को 15 हजार 1 रुपए व शील्ड प्रदान किया गया। इसी तरह केशला को तृतीय पुरस्कार के रूप में 7 हजार 500 रुपए दिए गए। इसी क्रम में मैन ऑफ द सीरीज का पुरुस्कार 1 हजार 501 रुपए व मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार 1 हजार 1 रुपए नकद दिया गया। राजेन्द्र शुक्ला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए बोले, पिछड़ने वाली टीम को आगामी खेल मे अपनी गलतियों व कमियों को सुधारकर और अच्छा प्रदर्शन करते हुए एक लम्बी पारी का रिकॉर्ड बनाना है। खेल में एक टीम जीतती है, और एक टीम सीखती है। खेल हमें अनुशासन मे रहना, टीम भावना का सम्मान करते हुए अच्छे खिलाड़ी होने का परिचय देना सिखाता है। इस दौरान उड़गन सरपंच सुनीता महेन्दर, पूर्व सरपंच भानुप्रताप गेंदले, नपं बिल्हा के पूर्व उपाध्यक्ष नानक रेलवानी, पूर्व मंडी सदस्य अमर टन्डन, सरपंच अमेरी अकबरी दीपक सोनी, घनश्याम रज्जु डहरिया, पंच यश कुमार कोशले, संजय मिरी, समय लाल जांगड़े, भागबली गेंदले, हरगोविंद गेंदले, सखन निषाद, राजू गन्धर्व, शेखर निषाद, राकेश पाटले, शुभम सिंह सहित ग्राम के युवा खिलाडी साथी उपस्थित रहे।

# समाज की प्रगति के लिए भाईचारा व सहयोग जरूरी: दुर्गेश महाराज



**तखतपुर।** अखिल भारतीय श्रीरामचरित मानस सम्मेलन में भागवताचार्य के रूप में राष्ट्रीय धर्माचार्य दुर्गेश महाराज ने कथा के माध्यम से कहा कि, देश के कई हिस्सों में इन दिनों 'हिंदू एक हो का नारा' चर्चा का विषय बना हुआ है। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया है।

समाज के लोगों को आपसी मतभेदों को भुलाकर शिक्षा, सेवा और सामाजिक विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उनका मानना है कि, एकता से समाज मजबूत होता है और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। आगे उन्होंने कहा कि, सामाजिक धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अति आवश्यकता है। अब समय आ गया है सभी युवाओं को आगे आकर अपने राष्ट्र अपने सनातन धर्म लिए खड़े होने का।

उन्होंने स्वच्छता अभियान, जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा, भारतीय संस्कृति जागरूकता अभियान में सहयोग की भी अपील की। महाराज के कहा कि, किसी भी समाज की प्रगति के लिए भाईचारा, शांति और सहयोग बेहद जरूरी है। भारत जैसे विविधता वाले देश में सभी समुदायों के बीच सम्मान और सद्भाव बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### बेलपान में श्रीमद भागवत महापुराण कल से

**तखतपुर।** श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन 15 से 22 मार्च तक बेलपान में किया गया है। आयोजन के कथा वाचक लक्ष्मी देवी साहू, आचार्य राहुल पांडेय एवं यजमान त्रिवेणी लक्ष्मी प्रसाद साहू हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./क/रा.नि./2026
जूना बिलासपुर दिनांक 11/03/2026

प्रति
(1) अतुल शुक्ला (2) निरमन सेमुएल (3) अतुल शुक्ला (समीपी भूस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क./क/तह./वाचक/2026 बिलासपुर दिनांक
आवेदक अतुल शुक्ला निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी के ग्राम तालापारा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 82/3, 82/7, 83/10, 82/15 कुल रकबा 0.0725 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 24/03/26 को समय 11am-5pm बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।
**टीप:-**1- आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें।
2- विशेष परिस्थिति में अपहरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

आम जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी प्रभादेवी अग्रवाल पति स्व.मुन्नालाल अग्रवाल, वर्ग सामान्य, के स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 2153/1 रकबा 0.2190 हे. एवं 2174/2 रकबा 0.0610 हे. कुल रकबा 0.28 हे. भूमि ग्राम सेंदरी हल्का 46 रा.नि. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर के नाम पर दर्ज है। जिसे भूमि स्वामी द्वारा मेरे आसामी एकेश्वर साहू पिता श्री कैलाश चरण साहू उम्र-38 वर्ष, निवासी-गणेश इनक्लेव कोनी बिलासपुर को विक्रय करने का पक्का सौदा कर एडवांस राशि प्राप्त किया जा चुका है, एवं उक्त भूमि की रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य में होना है।

अतः उक्त खसरा नं. की भूमि के विक्रय के संबंध में किसी बैंक, निकाय संस्था, फर्म, सोसायटी, शासकीय, अर्धशासकीय किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर संपूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त समय पश्चात की गई आपत्ति झूठा व अमान्य माना जाएगा तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा दिया जायेगा, सो सूचना जाने।

**PRABHAKAR TIWARI**
**ADVOCATE**
**En. No. 89/2019**
**Unique Code 2927**
**Address. :- Mendra Life City, Village Mendra, Sakri Dist. Bilaspur (C.G.)**
**Mo.- 7898355782**

न्यायालयः- श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)
सपना दुबे वगैरह..............वादीगण
बनाम
सचिव धर्मस्व विभाग वगैरह.......................
प्रतिवादीगण
व्य.प्र.क्र. 56अ/2025
पेशी तारीख 02.04.2026
प्रोसेस क्र0. 62/26

प्रति,
प्रकाश वर्मा पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद वर्मा उम्र 64 वर्ष निवासी मसानगंज वार्ड नं. 32 (शहीद विनोद चौबे वार्ड) स्व. रमाकांत तिवारी पूर्व पार्षद के मकान के पास थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**समंस/नोटिस**

इस न्यायालय में वादीगण द्वारा प्रतिवाद के विरूद्ध व्यवहार वाद वास्ते महादेव मंदिर ग्राम तुमाढ़ेठा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. को सार्वजनिक मंदिर घोषित किये जाने, मंदिर के प्रबंधक कलेक्टर मुंगेली के द्वारा संपत्ति का उचित रूप से देखरेख कराये जाने तथा नवीन सर्वाकार नियुक्त करने बाबत् वाद प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपको प्रतिवादी क्रमांक 06 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 02.04.2026 को नियत है।

अतः आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाबदावा प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

यह आज दिनांक- 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(जसविन्दर कौर अजमानी मलिक)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी मुंगेली, जिला-मुंगेली, छ.ग.
विद्याव्रत........................ विरूद्ध
शरद एच रावत ....................अभियुक्त
परिवाद प्र.क्र.- 1396/2019
पेशी दिनांक- 27.03.2026
प्रो.क्र.- 172/26

**न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब करने हेतु समंस**

परिवादी ने अभियुक्त के विरूद्ध, जो इस प्रकरण से संबंधित है के विरूद्ध एक परिवाद वाद अंतर्गत धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम का प्रस्तुत किया है, जिसमें पेशी आगामी दिनांक- 27.03.2026 को नियत है।

अतः अभियुक्त शरद एच. रावत उम्र 46 वर्ष निवासी मेन रोड करगी रोड कोटा, थाना तहसील कोटा, जिला-बिलासपुर, छ.ग. जो इस प्रकरण से संबंधित है को सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक-27.03.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध फरारी की घोषणा की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक-27/02/26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(दीपक कुमार शर्मा)
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संतोष कुमार साहू आयु 34 वर्ष पिता शिवकुमार साहू, जाति-तेली, निवासी-ग्राम नगोई, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. वाले के द्वारा मौजा ग्राम मोपका, प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका, वि.ख. बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर-916/3, प्लाट नंबर-153, रकबा-2400 वर्गफीट की भूमि को विक्रेता तपन कुमार मजूमदार आयु 60 वर्ष पिता स्व.एस. मजूमदार निवासी विवेकानंद नगर मोपका, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है, तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होना तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/बैंक को वर्णित खसरा, रकबा की भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर नीचे दिये गये मोबाईल नंबर व पते पर मय दस्तावेज सहित अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जायेगा, तथा मेरे पक्षकार के नाम पर रजिस्ट्री करा लिया जायेगा। सो सूचना जान।

**भवदीय**
**कमलेश अंचल अधिवक्ता**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 9827472096, 9630525349**

न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली छ.ग.
बाबूदास (मृत) फुलमतबाई वगैरह
..............वादीगण
प्रति
जानकीबाई वगैरह .......प्रतिवादीगण
व्य.प्र.क्र. 95अ/2021
पेशी दिनांक - 24.04.2026
प्रोसेस क्रमांक - 135/26
1. दर्शन आनंद आ. पिता स्व. बाबूदास उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम जमहा पो नवागांव चीनू तहसील व जिला मुंगेली छ.ग.

**समंस/नोटिस**

इस न्यायालय में वादी द्वारा प्रतिवाद के विरूद्ध व्यवहार वाद वास्ते उद्घोषणा, निषेधाज्ञा, विभाजन एवं पृथक कब्जा हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपको प्रतिवादी क्रं. 4 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 24.04.2026 को नियत है।

अतः आप प्रतिवादीगण क्रं. 4, स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाबदावा प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक - 10/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

दीपक शर्मा
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
मुंगेली जिला मुंगेली

**समक्ष: नोटरी सिविल जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

हम चैनदास टंडन उम्र 63 वर्ष पिता स्व. चन्दन सिंह टंडन एवं श्रीमती शैल टंडन उम्र-54 वर्ष पति-चैनदास दोनों निवासी-एच.न./ए-08, गुलमोहर पार्क लोको ट्रेनिंग सेन्टर के पीछे, बिलासपुर, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495001 के है जो कि, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करते है :
1. यह कि, मै उपरोक्तानुसार नाम व पते का निवासी हूँ तथा हमारे पुत्र का नाम अविनाश टंडन है।
2. यह कि, हमारे पुत्र अविनाश टंडन के कुछ दस्तावेजों में उसके उपनाम टंडन की स्पेलिंग Tondon त्रुटिवश अंकित हो गया है परंतु उपनाम टंडन की सही स्पेलिंग Tandon है जो कि, सत्य एवं सही है।
3. यह कि, हमारे पुत्र के सभी दस्तावेजों में उपनाम Tondon के स्थान पर Tandon दर्ज कर Avinash Tondon के स्थान पर Avinash Tandon दर्ज किया जावें जो कि, सत्य एवं सही है।
4. यह कि, हम यह शपथ-पत्र हम अपने पुत्र का नाम **Avinash Tondon** के स्थान पर **Avinash Tandon** दर्ज किये जाने के समर्थन में निष्पादित कर रहे है।

**चैनदास टंडन**
**शपथकर्तागण**

**सत्यापन**

हम चैनदास टंडन एवं श्रीमती शैल टंडन यह सत्यापित करते है कि, शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 04 में लिखी गयी संपूर्ण बातें हमारे जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक-13.03.2026 को स्थान-बिलासपुर में पढ़कर समझकर अपना-अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किये है।

**चैनदास टंडन**
**शपथकर्तागण**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री दीपक सिंह राजपूत उम्र 39 वर्ष पिता श्री रवीन्द्र सिंह राजपूत पता :- निवासी अल्का ऐवेन्यू उस्लापुर जिला बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आपको निम्न आशय की आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ :-
1. यह कि मौजा जूना बिलासपुर की भूमि खसरा नंबर 845/3 रकबा 0.1620 हे. जिसके स्वामी विक्रेतागण उमेश अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल है उक्त भूमि को इन लोगो के द्वारा पूर्व में मेरे उपरोक्त पक्षकार क्रेता श्री दीपक सिंह के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर चुके है जिसके एवज में उपरोक्त विक्रेतागण एडवांस राशि नगद एवं चेक के माध्यम से मेरे उपरोक्त पक्षकार क्रेता से प्राप्त कर चुके है।
2. यह कि उपरोक्त विक्रेतागण के द्वारा एडवांस राशि प्राप्त करने के उपरांत एन.ओ.सी. देकर मेरे पक्षकार को रजिस्ट्री करने का अश्वासन दिये है।
3. यह कि, अन्य सूत्रो से मालूम चला है कि उपरोक्त विक्रेता उमेश अग्रवाल अन्य व्यक्तियों के पास भी उक्त भूमि के विक्रय करने का सौदा कर रहे जो कि अवैध है एवं विधि के विपरीत है।
4. यह कि, इस उपरोक्त भूमि को कोई भी अन्य व्यक्ति या संस्था क्रय करता है या क्रय करने का सौदा करता है तो वह अवैध होगी एवं उस व्यक्ति या संस्था के उपर विधिक कार्यवाही की जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी उसकी होगी। सो सूचना जाने।

**राहुल गोस्वामी (अधिवक्ता)**
**पता : जिला व सत्र न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9399336524**

**PUBLIC NOTICE/NAME CLARIFICATION**

We Chaindas Tandon Age-63 years- S/o. Late Chandan Singh Tandon and Smt. Shail Tandon age-54 years W/o- Chaindas Tandon R/o- House No.-08. Gulmohar park Behind loco Training Center bilaspur (C.G.) 495001. do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1.we are the parents of Avinash Tandon.
2.In some of our son's documents his surname has been mistakenly written as "TONDON". The correct family surname is "TANDON".
3.Therefore, the name "AVINASH TONDON " appearing in certain records should be read and treated as "AVINASH TANDON".
4.Our correct name are father name CHAINDAS TANDON and mother name SMT. SHAIL TANDON.
5.This notice is issued for clarification and for all official purposes.

**Standar**
**DEPONENT**

**VERIFICATION**

We Chaindas Tandon and Smt. Shail Tandon the deponent's herein in above do hereby solemnly affirm and declare that the contents of paragraphs 01 to 05 of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. we have read and understood the contents of this affidavit and we hereby sign this affidavit at Bilaspur (C.G.) on this Date-.13-03-2026

**Standar**
**DEPONENT**

**न्यायालय चतुर्थ जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस / समंस**

प्रोसेस क्रमांक- 49 अ.प्र.क्र.-181 अ/2019
आदेश दिनांक 26/2/2026
पेशी दिनांक - 4/4/2026
**भगवंतीन बाई वगै.....अपीलार्थीगण**
**विरूद्ध**
**राधा बाई वगै......उत्तरवादीगण**

**बनाम :-** गणेश राम साहू पिता फेकुराम साहू निवासी - बचरवार थाना पेंड्रा तहसील पेंड्रा जिला - गौरेला - पेंड्रा मरवाही (छ.ग.)

अपीलार्थी के द्वारा इस न्यायालय मे अपील प्रस्तुत किया है जो व्यवहार अपील प्र.क्र. 181 अ/2019 पक्षकार भगवंतीन बाई वगै विरूद्ध राधा बाई वगै. पेशी तारिख 4/4/2026 प्रस्तुत किया गया है जिसमे आप उत्तरवादी / प्रस्तावित पक्षकार का नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जा रहा है।

आप पेशी दिनांक 4/4/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर इस प्रकरण में स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से भाग लेकर जवाब इत्यादि प्रस्तुत करे उक्त पेशी दिवस को यदि आप प्रकरण मे उपस्थित नहीं होगे तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी यदि उक्त कार्य दिवस को अवकाश होगी तो प्रकरण में आगामी दिवस का सुनवाई कि जावेगी

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 27/02/2026

**(कु. पुष्पलता मास्कण्डे)**
**चतुर्थ जिला न्यायाधीश**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**श्रीमान चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस / समंस**

प्रोसेस क्रमांक-8 व्य. वाद क्र-257 अ/2019
आदेश दिनांक 23/2/2026
पेशी दिनांक 24/3/2026
**फुल सिंह ......वादी**
**विरूद्ध**
**दीपक वगै ......प्रतिवादीगण**

**बनाम :-** 1. दीपक कुमार पिता 2. मनोज कुमार पिता निवासी - पेट्रोल पंप के पास तोरवा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

वादी के द्वारा इस न्यायालय मे व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जो व्यवहार वाद क्र. 257 अ/2019 पक्षकार फुल सिंह विरूद्ध दीपक वगै. पेशी तारिख 24/3/2026 प्रस्तुत किया गया है जिसमे आप प्रतिवादीगण का नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जा रहा है।

आप पेशी दिनांक 24/3/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर इस प्रकरण में स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से भाग लेकर जवाब इत्यादि प्रस्तुत करे उक्त पेशी दिवस को यदि आप प्रकरण मे उपस्थित नहीं होगे तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी यदि उक्त कार्य दिवस को अवकाश होगी तो प्रकरण में आगामी दिवस का सुनवाई कि जावेगी।

आज दिनांक 28/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 28/02/2026

**(अंशुल मिंज)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय दशम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.**
**नोटिस / समंस**

प्रोसेस क्रमांक-64, अ.प्र.क्र.-13अ/2019
आदेश दिनांक 23/02/2026
पेशी दिनांक 16/4/2026
**रूपचंद वगै....अपीलार्थीगण**
**विरूद्ध**
**दुर्गा बाई वगै....उत्तरवादीगण**
**बनाम**

1. दुर्गा बाई पिता परस राम पति राजु निवासी ग्राम अमेरी तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. 2. गोकुल पिता परस राम 3. मनोज पिता परस राम दोनो निवासी ग्राम हरदीकला टोना तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. 4. खीख बाई पिता परसराम पति रामचरण निवासी ग्राम मुढीपार तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. 5. सरोजनी पिता परसराम पति भागवत निवासी ग्राम रहंगी तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग.

अपीलार्थी के द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया है जो व्यवहार अपील प्र.क्र. 1 अ/2019 पक्षकार रूपचन्द वगै विरूद्ध दुर्गा बाई वगै. पेशी तारिख 16/4/2026 प्रस्तुत किया गया है जिसमे आप उत्तरवादीगणो का नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जा रहा है।

आप पेशी दिनांक 16/4/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर इस प्रकरण में स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से भाग लेकर जवाब इत्यादि प्रस्तुत करे उक्त पेशी दिवस को यदि आप प्रकरण में उपस्थित नहीं होंगे तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी यदि उक्त कार्य दिवस को अवकाश होगी तो प्रकरण में आगामी दिवस को सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 28/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 28/02/2026

**(आदित्य जोशी)**
**दशम जिला न्यायाधीश**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**



# जिला अस्पताल की सेवाओं का लोगों को मिल रहा लाभ

**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और त्वरित उपचार से मरीजों को लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। इसी कड़ी में चिकित्सकों की सतर्कता और कुशल उपचार से शिक्षक नगर मुंगेली के 9 वर्षीय बालक अभिषेक सोनी के कान में फंसा अरहर के दाना को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। समय पर किए गए उपचार से बच्चे को राहत मिली और उसके परिजनों ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।



सिविज सर्जन डॉ एमके राय ने बताया कि, जांच में अभिषेक सोनी के दोनों कानों में अरहर का दाना फंसा हुआ था, जिससे उसे काफी असुविधा हो रही थी। जिला चिकित्सालय के कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ कमलेश सत्यपाल द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद मरीज को सर्जरी करने की सलाह दी। इसके बाद सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार बेलदार निश्चेतना विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दोनों कानों से दाने को सुरक्षित निकाल लिया गया। सफल उपचार के बाद सिविल सर्जन डॉ एमके राय ने जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम की सराहना की। वहीं, बच्चे के परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की।

## शिक्षकों का सम्मान व छात्रों को दी गई विदाई

**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारधा से पदोन्नत प्रधान पाठक डॉक्टर सत्यनारायण तिवारी, संतोष गहरे, सेवानिवृत्त शिक्षिका अनुसूईया राजपूत तथा स्थानांतरित शिक्षिका जयंती राजपूत एवं नेहा गुप्ता को शाला परिवार की ओर से शाल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डाक्टर सत्यनारायण तिवारी ने परीक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बतलाते हुए इससे घबराने की बजाय साहस व दृढ संकल्प के साथ सभी को सफल होने का आग्रह किया।

## हीट वेव को लेकर नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी

**मुंगेली।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित हीट वेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। जारी एडवाइजरी के अनुसार हीटवेव के दौरान शरीर में हीट रैश, मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर आना, सिरदर्द, अत्यधिक प्यास लगना तथा उल्टी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। गंभीर स्थिति में शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाने पर हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है, जिसे चिकित्सकीय आपात काल माना जाता है। ऐसे में लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सलाह लेने की सलाह दी गई है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आमजनों से अपील की है कि, गर्मी के मौसम में सावधानी बरतें और लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाए अपनाएं। गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक पानी पिएं तथा हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस का घोल पीने की सलाह दी गई है। चक्कर या मितली महसूस होने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा ठंडा पेयजल, फलों का रस, लस्सी या मठा का सेवन करें। साथ ही दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। अत्यावश्यक होने पर बाहर निकलते समय सिर और कान को कपड़े से ढककर रखें। इसके साथ ही नींबू पानी, छाछ और मौसमी फलों का अधिक सेवन करें, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। प्रशासन ने जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।




सिद्ध बघर्रा पाठ भगवान नृसिंह नाथ मंदिर हाँफा
हिन्दू नूतन वर्ष बासंती (चैत्र) नवरात्रि पर्व
दिनाँक 19 मार्च 2026, दिन-गुरुवार से 27 मार्च 2026, दिन शुक्रवार तक
प्रतिदिन भजन, कीर्तन, जसगीत एवं प्रसाद भंडारा
Dhanesh upadhyay shop
मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित घृत 2051 तेल 851
संपर्क- आचार्य धनेश उपाध्याय हाँफा बिलासपुर (छ.ग.) 9109095274
नोट- online QR कोड के माध्यम से मनोकामना ज्योति कलश का पैसा आप दे सकते हैं और रसीद प्राप्त कर सकते हैं

।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।। ।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।। ।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।। ।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।। ।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।। ।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।। ।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।। ।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।। ।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।। ।।ऊँ श्री भैरवाय नमः।।
श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर
बासंती (चैत्र) नवरात्रि पर्व 19.03.2026 से 27.03.2026
घृत ज्योति कलश 2100/- रु. तेल ज्योति कलश 701/- रु.
विशेष :- मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी को श्री भैरव जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाता है जिसमें धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।
प्रतिदिन भंडारा
मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना एवं विसर्जन मुख्य ज्योति कलश के साथ होंगे।
निम्न स्थानों से मनोकामना ज्योति रसीद प्राप्त करें :- सिद्ध पीठ श्री भैरव बाबा मंदिर कार्यालय, रतनपुर, शिव स्वीट्स, नया बस स्टैण्ड- रतनपुर, सुभाष किराना स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड, रतनपुर विजय साउण्ड सर्विस. महामाया चौक, रतनपुर, दुबे कैसेट सेंटर भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर, विजय ज्वेलर्स, मेन रोड कटघोरा, जायसवाल मेडिकल स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड, कोरबा, अग्रवाल मोबाईल- मुंगेली नाका, बिलासपुर मिश्रा पुस्तकालय-गोल बाजार बिलासपुर, विनोद गोरख ज्वाली पुल के पास, बिलासपुर, नीलकंठ रेस्टोरेंट- प्रताप चौक, बिलासपुर, रवि तम्बोली (सोनू), करैहापारा रतनपुर, पं. महेश्वर पाण्डेय हांफा बिलासपुर, महामाया अनाज भण्डार छूराकछार, कोरबा, भारत होजियरी हाउस पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर, गणेश थवाईत बस स्टैण्ड, वैष्णव न्यूज एजेन्सी- पाली जगन्नाथ थवाईत जमनीपाली।
पीठाधीश पंडित जागेश्वर अवस्थी
प्रमुख श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरवबाबा मंदिर रतनपुर, मो. 96690-24000

बिलासपुर संभाग का पहला ISO 29990:2010 प्रमाणित संस्थान
MAHAMAYA PVT ITI GROUP
ADMISSION OPEN
योग्यता -10वीं /12वीं पास
(नियमित/पत्राचार) ओपन / स्वाध्यायी
◆ छत्तीसगढ़ ◆ उड़ीसा
उपलब्ध कोर्स

| क्र. | कोर्स | वर्ष | न्यूनतम आयु |
|---|---|---|---|
| 1. | विद्युतकार | 2 वर्ष | 16 वर्ष |
| 2. | फीटर | 2 वर्ष | --"-- |
| 3. | कोपा | 1 वर्ष | --"-- |
| 4. | वेल्डर | 1 वर्ष | --"-- |
| 5. | डीजल मैकेनिक | 1 वर्ष | --"-- |

Praveen Sahu joint secretary Mahamaya Pvt ITI
MR. SHATRUHAN SAHU Secretory Mahamaya Pvt. ITI
SMT. SANTOSHI SAHU Director Mahamaya Pvt. ITI
महामाया आई.टी.आई. बस स्टैण्ड, रतनपुर | अशोक नगर (खमतराई) बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98271-05246, 99814-45780, 97534-33122, 99071-31896

सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट
रतनपुर (बिलासपुर छ.ग.) 495442 फोन : 07753-255526 मो. 7415617816
www.mahamayaratanpur.com, gmail- mahamayaratanpur2010@gmail.com
बासंती (चैत्र) नवरात्रि पर्व 19.03.2026 से 27.03.2026
चैत्र शुक्ल 1 गुरुवार दिनांक 19 मार्च 2026 प्रात: 07.30 बजे से
मांगलिक स्नान, द्वारपूजन धूपपरिकमा, घटस्थापन, देवी षोडशोपचार पूजन, मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलन, श्रीशतचण्डी यज्ञ, श्रीमद्भागवतादि पाठ।
चैत्र शुक्ल 8 गुरुवार दिनांक 26 मार्च 2026 प्रात: 08.00 बजे से
धूपपरिकमा, यज्ञवेदी पूजन पुण्याहवाचन, महाष्टमी पूजन, अष्टमी हवन, सायं 04.00 बजे पूर्णाहूति, यज्ञशान्ति पुष्पान्जलि।
चैत्र शुक्ल 9 शुक्रवार दिनांक 27 मार्च 2026 महानवमी पूजन राजसी श्रृंगार
पूर्वान्हे 11.00 बजे राजसी नैवेध, कन्याभोज, ब्रह्मभोज, अपरान्ह 02.00 बजे विसर्जन।



श्री महामाया देवी

प्रतिदिन सायं लाइव आरती दर्शन -
SBI BANK ONLINE HDFC BANK
QR स्केन कर मनोकामना ज्योति कलश घृत / तेल / दान कर सकते है।



श्री लखनी देवी

मनोकामना ज्योति कलश तेल 700/- घृत 2100/-
नि: शुल्क भंडारा
आजीवन ज्योतिकलश तेल 31000/- घृत 51000 /-
श्रीमद् भागवत कथा पं.श्री अतीश शास्त्री जी (वृन्दावन)
माता सेवक जसगीत रात्रि 09.00 बजे से
सामूहिक विवाह अक्षय तृतीया दिनांक : 19 अप्रैल 2026
सामूहिक उपनयन संस्कार दिनांक : 03 मई 2026
मनोकामना ज्योति कलश रसीद प्राप्ति की अधिकृत स्थान
रतनपुर:- सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामायादेवी मंदिर ट्रस्ट, मनराखन जायसवाल (अधिवक्ता), संतोष शुक्ला, धर्मेन्द्र चंदेल, शैलेन्द्र जायसवाल, ओमप्रकाश तंबोली, किशन तम्बोली, आनंद जायसवाल, शिव स्वीट्स एवं पान भण्डार, अमृतपान भण्डार, अग्रवाल क्लाथ स्टोर, कौशिक स्टेश्नरी एवं जनरल स्टोर्स, विजय साउण्ड सर्विस, श्री मेडिकल, डी.सी. यादव मेंडरा: सतीश शर्मा भरारी:- शशि कुमार मिश्रा, बिलासपुर:- आशीष सिंह ठाकुर अध्यक्ष, निवास- नेहरु नगर, बृजमोहन अग्रवाल-विद्यानगर, बजरंग लोहिया आदित्य द रेमण्ड शाप-लिंकरोड, सुनील सोनथलिया सोनथलिया एजेंसी-व्यापार विहार, अनिल खण्डेलवाल मौसाजी स्वीट्स गोलबाजार, विनोद गोरख-जूना बिलासपुर, अरुण शर्मा-वैशालीनगर फेस-2, राजेश कपिश शर्मा-एल-10 गली शेष कालोनी विनोबानगर, रितेश जूनेजा हिन्दुस्तान सेनेटरी एंड हार्डवेयर स्टोर्स गांधी प्रतिमा, शक्ति सिंह ठाकुर सरकण्डा, चेतनधर शर्मा (किलावार्ड जूना बिलासपुर), गोपाल गुप्ता महामाया प्रापर्टी डीलर - मध्यनगरी चौक, राजकुमार खुशलानी भारत होजियरी - पुराना बस स्टैण्ड, कपिल देव पाण्डेय जोरापारा, अभिषेक ट्रेंडिंग कम्पनी शास्त्री मार्केट, श्रीवाच हाउस गोलबाजार, मिश्रीलाल मिश्रा पुस्तकालय - गोलबाजार, रमन दुबे पत्रकार, साँवरिया स्टोर मारवाडी लाइन, गोयल सेल्स-व्यापार विहार, निशानिया ट्रेडिंग कं.- व्यापार विहार, नवीन परिहार - पुलिस लाईन, नीलकंठ हाटल - प्रताप चौक, के. के. शर्मा पत्रकार, रामेश्वर सोनी-हरिभूमि, जायसवाल पान सेंटर-मिशन हास्पिटल रोड, अग्रवाल मेडिकल एजेंसी, मेडिकल काम्प्लेक्स, गुरुनानक वस्त्रालय मुंगेलीनाका, जी.पी. पाण्डेय - भारतीय नगर, तिवारी पान सेंटर - गेट-1 बुधवारी, शिवशक्ति प्रोविजन स्टोर्स- जरहाभाठा रोड, रामगोपाल तिवारी आईटीआई कोनी, आर.के. सोनी आर्किटेक्ट - तेलीपारा, महामाया आईटीआई - अशोकनगर, शिवशंकर प्रोविजन बृहस्पति बाजार, अनिल शर्मा शाप 26 भगत सिंह काम्पलेक्स व्यापार विहार, वेरायटी ट्रेडर्स प्रताप चौक, शकुन श्रृंगार भंडार गणेश चौक कोरबा : अशोक जायसवाल मेडिकल स्टोर पुराना बस स्टैण्ड | छुरी : रामकृष्ण दुबे बाल्को: गणेश पान भण्डार बस स्टैण्ड | पेंड्रारोड: वस्त्रलोक पेंड्रा :- सुमीत मोटर्स | बाकीमोंगरा:- सरस्वती मेटल स्टोर्स एंड फोटोकापी | भिलाई:- शरद दुबे नगर निगम | मुंगेली: डा. मुकेश मिश्रा एस.एन.जी. कालेज | कोटा- कुलवंत सिंह, कमल हार्डवेयर तखतपुर:- विनोद जायसवाल (अधिवक्ता), टेकचंद कारडा | कटघोरा:- परिधान | रायगढ़:- जयप्रकाश केडिया | जांजगीर: शंकर पान भण्डार | नैला:- अमिताभ शर्मा स्टेशन चौक | अकलतरा:- चिरोंजीलाल अग्रवाल | पंडरिया:- महामाया मेडिकल स्टोर | लोरमी जयंती किराना स्टोर्स, प्रकाश मेडिकल स्टोर | सीपत:- दीपक तुलस्यान | सक्ती:- गनपतलाल श्यामसुन्दर अग्रवाल |
जवारा हेतु उपराक्त स्थान के अतिरिक्त - रतनपुर :- सुभाष अग्रवाल, नरेश सोनी, सालिक राम मरकाम | कलमीटार - भूपचंद शुक्ला, यशवंत विश्वकर्मा, कोटा: छेदीलाल गुप्ता बिलासपुर :-भागवत प्रसाद तिवारी अर्चना विहार, विनिता विश्वकर्मा (हटरी चौक) राजेश सिंह ध्रुव (न.नि.बिलासपुर) रानीबछाली :- कमलेश शुक्ला उमाशंकर तिवारी भरारी(गनियारी) : अर्जुन लाल उजागर |

## खबर संक्षेप

### दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बिलासपुर।** कोनी क्षेत्र में मारपीट और अन्य अपराधिक गतिविधियों में शामिल दो बदमाशों को जन चौपाल लगाकर गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। थाना कोनी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं संभावित विवाद,मारपीट की घटनाओं की रोकथाम चलित थाना जन चौपाल लगाया गया। इस दौरान शुक्रवार को दो बदमाशों के खिलाफ धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने गतौरी निवासी सुरेंद्र टेंगवर पिता ज्वाला प्रसाद उम्र 22 साल व ईश्वर बंजारे पिता रविसन उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया और कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए उन्हें जेल भेज दिया है।

### दुकान में अवैध शराब रखने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पेंड्रीडीह चौक पर चाय की दुकान चलाने के दौरान अवैध तौर पर शराब की बिक्री करने वाले आरोपी को हिर्री पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि हिरी माईस निवासी संजय परस्ते पेण्ड्रीडीह स्थित चाय दुकान में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करता है। पुलिस ने तत्काल रेड की कार्रवाई की। आरोपी संजय परस्ते के चाय दुकान से 20 नग देशी शराब,कीमत 1600 रूपये को जब्त कर लिया है। आरोपी संजय कुमार उर्फ संजू पिता स्व श्याम लाल परस्ते उम्र 45 पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### चोरों ने स्कूटी की डिक्की तोड़कर जेवर किया पार

**बिलासपुर।** कोटा के मुखी विहार कालोनी में भांजे की बारात विदाई करने पहुंची महिला की स्कूटी की डिक्की तोड़कर चोरों ने सोने के जेवर और नकद पार कर दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। कोटा के धौंराभाठा में रहने वाली चंद्रप्रभा साहू(45) गृहणी हैं। गुरुवार की शाम 7बजे अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए पहुंची थीं। गाड़ी को कोटा के मुखी विहार कालोनी में खड़ी कर भांजे की बारात की विदाई में शामिल हो गईं। रात करीब 10 बजे वे घर जाने के लिए निकलीं इस दौरान उनकी स्कूटी की डिक्की टूटी हुई थी। उन्होंने डिक्की खोलकर देखा जिसमें साड़ी, सोने के जेवर, मोबाइल और नकद समेत करीब दो लाख के सामान चोरों ने पार कर दिया था। महिला ने मामले की शिकायत कोटा थाने में की है।

### कोचियों से 7 लीटर कच्ची शराब जब्त

**बिलासपुर।** रतनपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री करने वाले कोचियों को पकड़ लिया है। दोनों की कोचियों से कच्ची और देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम बेलतरा में शराब कोचियां भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब रखा है। वहीं लखराम में एक व्यक्ति अपने बाइक में शराब बिक्री करने घूम रहा है। सूचना पर रतनपुर पुलिस ने टीम ग्राम बेलतरा बजरंग चौक निवासी धर्मेन्द्र कश्यप के घर के बाड़ी से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब और लखराम निवासी अनिल केंवट के बाइक से 80 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है। आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन ने कार्रवाई करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने 5 तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों 15 लोगों पर कार्रवाई की है।

**3 नाबालिगों का प्लान फेल, घर से तंग आकर उठाया था कदम** | **उसलापुर स्टेशन पहुंचने से पहले सिविल लाइन पुलिस ने आटो को रोक उतारा**

# स्कूल से भागकर आगरा जा रही थीं छात्राएं, आटो चालक की सूझबूझ से पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूल ड्रेस में ही आगरा भागने की फिराक में आटो सवार 3 छात्राओं को पुलिस ने बचा लिया। सिविल लाइन पुलिस ने आटो का पीछा कर लड़कियों को अपने कब्जे में ले लिया और थाने में परिजनों के आने तक बैठाए रखा। सभी छात्राओं को समझाइश देकर छोड़ दिया गया है।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के उसलापुर इलाके का है। बताया जा रहा है कि गुरूनानक चौक से 3 नाबालिग लड़कियां स्कूल ड्रेस में आटो पर बैठीं और रेलवे स्टेशन जाने की बात कहने लगी। आटो चालक के अनुसार आटो में ही नाबालिगों ने पहले बुर्का पहना और रेलवे स्टेशन में रोकने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने आटो चालक को आगरा की 3 टिकट लेने भेजा, चालक को नाबालिगों के पास 20 हजार रूपए नकद और 50 हजार से अधिक की राशि मोबाइल वालेट में होने की भनक लग गई। इस दौरान किसी परिवारिक सदस्यों के मौजूद नहीं होने पर चालक ने डायल 112 को इसकी जानकारी दी। डायल 112 ने आटो चालक को नाबालिगों को रोकने के लिए कहा, इस पर आटो चालक ने बड़ी ही चतुराई से उन्हें रेलवे स्टेशन से आगरा की टिकट नहीं मिलने की बात कही और उसलापुर जाने के लिए कहा। आटो चालक ने पुलिस को आटो उसलापुर ले जाने की बात बता दी। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस की टीम आटो का पीछा करने लगी और उसलापुर स्टेशन पहुंचने से पहले ही आटो को रोक लिया। 3 नाबालिगों से पूछताछ की गई थाने लाया गया। बाद में उनके परिजन को बुलाकर समझाइश दी गई और सभी को छोड़ दिया गया।




### परिजनों के व्यवहार से तंग आकर उठाया कदम

बताया जा रहा है कि एक नाबालिग लड़की का पिता फिरोजाबाद में लेक्चरर है। मां के दूसरी शादी करने के बाद से परिवार का वातावरण सही नहीं होने और परिजनों के व्यवहार से दुखी होकर उसने अपने पिता से मिलने की इच्छा अपनी दो सहेलियों से जताई थी। 15 वर्षीय नाबलिग अपने पिता से ही मिलने जा रही थी।

### चालक ने दिखाई तत्परता

टिकरापारा निवासी राजा उईके आटो चालक है। उसी ने ही पुलिस को नाबालिग लड़कियों द्वारा आगरा भागने की बात बताई थी। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया और उन्हें आगरा की ट्रेन पकड़ने से पहले ही पकड़ लिया।

### दी गई है समझाइश

आटो चालक ने पुलिस को सूचना दी थी। 3 छात्राओं को उसलापुर से थाने लाया गया था। पूछताछ के बाद परिजनों को समझाइश देकर छात्राओं को घर भेज दिया गया गया है।

**-एसआर साहू,** टीआई, सिविल लाइन

**नए वार्डों के साथ ही शहर में पानी की भारी किल्लत और दूषित सप्लाई से परेशानी**

# गर्मी आते ही गहराने लगा जलसंकट, मंगला कुदूदण्ड, लिंगियाडीह में मोटर पंप खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायधानी बिलासपुर में गर्मी ने अभी पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है, लेकिन शहर की प्यास बुझाने वाले इंतजाम दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र के पुराने मोहल्लों से लेकर निगम में शामिल हुए नए वार्डों तक, इन दिनों पानी की भारी किल्लत और दूषित सप्लाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। मंगला, कुदूदण्ड, लिंगियाडीह में मोटर पंप खराब हो रहे हैं।

शिकायतों के मुताबिक नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में जल आपूर्ति की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। शहर के कई इलाकों में सुबह के वक्त महज कुछ मिनटों के लिए ही पानी की सप्लाई हो रही है, और वह भी इतनी प्रदूषित है कि उसे पीने तो दूर, नहाने के काम में लाना भी मुश्किल हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति उन नए वार्डों की है जहाँ हाल ही में पाइपलाइन बिछाई गई है। यहाँ ड्रेनेज सिस्टम और पाइपलाइन के बीच उचित तालमेल न होने के कारण नालियों का गंदा पानी नलों तक पहुँच रहा है। कई जगहों पर पाइपलाइनें जमीन के ऊपर खुले में बिछी हुई हैं, जो न केवल तकनीकी रूप से गलत है, बल्कि लीकेज के कारण संक्रमण का मुख्य स्त्रोत बनी हुई हैं।




दीनदयाल कालोनी में टैंकर से पानी लेने के लिए जद्दोजहद करते लोग।

### लिंगियाडीह में पानी की गंभीर समस्या

लिंगियाडीह में भी इन दिनों पानी की समस्या बनी हुई है। लो प्रेशर की समस्या है। मोहल्ले के कई घरों में नल से नियमित पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिसके कारण लोगों को टैंकर मंगाकर काम चलाना पड़ रहा है। लोगों के मुताबिक यहां हर गर्मी पानी की समस्या रहती है। कई बार नल में कई दिनों तक पानी नहीं आता, जिससे पीने और घरेलू कामकाज के लिए भी पानी की किल्लत हो जाती है। मजबूरी में लोगों या निजी बोरिंग का सहारा लेना पड़ता है। लेकिन गर्मी के कारण कई हैंडपंपों का जलस्तर भी नीचे चला गया है, जिससे समस्या और बढ़ गई है।



हेमूनगर स्थित महापौर के घर के सामने पाइप लाइन फूटी।

### निगम का रवैया उदासीन

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद अधिकारियों का रवैया उदासीन बना हुआ है, जिससे जनता में भारी नाराजगी है। दूसरी ओर, इस गंभीर समस्या ने नगर निगम के गलियारों में राजनीतिक रार भी तेज कर दी है नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि अमृत मिशन जैसी योजनाओं के बावजूद जनता को साफ पानी नहीं मिलना प्रशासन की विफलता है। हालांकि, सत्तापक्ष और सभापति विनोद सोनी का दावा है कि जहाँ भी दूषित पानी की शिकायत मिल रही है, वहां युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य जारी है।

### टैंकरों के जरिए राहत देने की कोशिश

निगम का कहना है कि फिलहाल टैंकरों के जरिए राहत देने की कोशिश की जा रही है, लेकिन गर्मी बढ़ने से पहले ही जल संकट और दूषित पानी की समस्या ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कई जगह दूषित पानी और पानी की कमी की शिकायतें मिल रही हैं। लोगों की मांग है कि प्रशासन को तुरंत पाइपलाइन की जांच कराकर लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराना चाहिए। अधिकारियों का कहना है कि जहां-जहां समस्या सामने आ रही है, वहां पाइपलाइन की जांच और मरम्मत का काम कराया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के जरिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल अधिक परेशानी नहीं है। जल विभाग की अलग से टीम बनाई गई है।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त




अवैध कब्जे पर कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

# अतिक्रमण हटाने के दौरान मगरपारा में जमकर बवाल

**मगरपारा चौक से लेकर भारतीय नगर चौक तक कब्जे हटाए गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ निगम के समन्वय से अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए गए

आवागमन बाधित होने और लगातार लग रहे जाम से राहत दिलाने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। साथ ही अवैध कब्जा करने वाले व्यापारियों पर भी कार्रवाई की गई। खास तौर पर मगरपारा चौक से लेकर भारतीय नगर चौक तक कब्जे हटाए गए। इस दौरान तैय्यबा चौक पर जमकर विवाद हुआ। कब्जाधारियों ने कार्रवाई का विरोध किया। कुछ देर तक कार्रवाई रुकी भी रही। बाद में समझाइश के बाद लोग माने और अतिक्रमण हटाया गया।

ध्यान रहे कि शहर के अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड, श्रीकांत वर्मा मार्ग और महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक के क्षेत्रों को पहले ही ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन घोषित किया जा चुका है। इन इलाकों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सड़क सुरक्षा 2026 के अंतर्गत चलाया जा रहा है। अभियान के चौथे सेक्टर के रूप में तालापारा स्थित मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक की सड़क को शामिल किया गया है। यहां पुलिस, जिला प्रशासन और नगर निगम के समन्वय से अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए जा रहे हैं।

### सड़क किनारे अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

अधिकारियों के मुताबिक यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नगर निगम के साथ संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार को मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों और अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे किए गए कब्जे को बुलडोजर से ढहा दिया गया।

### शहर को विभिन्न सेक्टरों में बांटा गया

यह अभियान पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक माह तक चलेगा। इस दौरान मुख्य मार्गों से ठेला, गुमटी और चलित दुकानों को हटाया जाएगा, अव्यवस्थित पार्किंग पर रोक लगेगी और ट्रैफिक बाधित करने वाली सभी संरचनाओं को हटाया जाएगा। नगर निगम और यातायात पुलिस ने आम नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें, ताकि शहर में आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके। एडिशनल एसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियारे ने बताया कि शहर को ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन के रूप में विकसित करने की दिशा में चरणबद्ध कार्रवाई की जा रही है। शहर को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर क्रमशः उन्हें पूर्णतः ट्रैफिक वायलेशन फ्री घोषित किया जाएगा। इसी कड़ी में मगरपारा रोड में संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया है।

# दो आरक्षकों की एसीसीयू से विदाई, 14 की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ बढ़ेगी एसीसीयू की कार्यक्षमता

जिले के अलग-अलग थानों से 13 आरक्षक व 1 प्रधान आरक्षक सहित 14 पुलिसकर्मियों को एसीसीयू में जगह दी गई है। वहीं एसीसीयू में स्थापना काल से जमे दो आरक्षकों को हटाया गया है। नए पुलिसकर्मियों के आने के बाद एसीसीयू में कार्य की प्रगति देखने को मिल सकती है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने एन्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट की क्षमता बढ़ाते हुए 1 प्रधान आरक्षक समेत 13 आरक्षक की पदस्थापना की है। यूनिट में 14 नए चेहरों के आने के बाद टीम को मजबूत बनाया गया है। इससे जहां क्राइम और साइबर मामलों की छानबीन और जांच त्वरित हो सकेगी, वहीं अपराधियों पर विशेष नजर रखी जा सकेगी। जिससे जिले में होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस को मदद हो सकेगी। बताया जा रहा है कि एसीसीयू के गठन काल यानी 4 साल से अगंद की पैर की तरह जमे दो आरक्षकों को भी हटाया गया है, जिसमें प्रधान आरक्षक देवमुन पुहूप और आरक्षक निखिल जाधव को हटाते हुए सिविल लाइन थाना और सिरगिट्टी थाना भेजा गया है।

### इन 14 पुलिसकर्मियों को मिली है जगह

हाल ही में रतनपुर ट्रांसफर किए गए प्रधान आरक्षक प्रमोद सिंह को एसीसीयू लाया गया है। साथ ही प्रधान आरक्षक विरेन्द्र धनकर, मुकेश शर्मा, दरसराम यादव, समर बहादुर सिंह, राकेश कुमार साहू, विजेन्द्र कुमार राजपूत, भास्कर साहू, प्रफुल्ल कुमार यादव, घिरेन्द्र सिंह तोमर, राकेश यादव, आशीष राठौर,महत्तेर लाल कश्यप, योगेश साहू को एसीसीयू में पदस्थ किया गया है।

### कक्षा 5वीं एवं 8वीं की समय सारणी जारी

**बिलासपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षाओं के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। जारी समय सारणी के अनुसार कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 16 मार्च से 25 मार्च तक एवं कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 17 मार्च से 6 अप्रैल तक होंगी। 5 वीं की परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे एवं 8वीं की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक है। डीईओ ने बताया कि परीक्षा में जिले के सभी शासकीय विद्यालय, अनुदान प्राप्त विद्यालय एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध अशासकीय गैर अनुदान प्राप्त हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थी शामिल होंगे। सीबीएसई एवं आईसीएसई से संबद्ध गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। जिले में परीक्षा के सफल संचालन के लिए संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। जिला स्तर पर परीक्षाओं के लिए जिला स्तरीय संचालन समिति का भी गठन किया जाएगा।

# युवक की पिटाई से पत्नी घायल, अपराध दर्ज

**दूसरी महिला को घर पर रखने से हुआ विवाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी क्षेत्र में रहने वाले 35 वर्षीय युवक ने पत्नी को छोड़कर दूसरी महिला को घर पर रख लिया। इसका विरोध करने पर उसने बच्चों के सामने पत्नी की पिटाई कर दी। मारपीट से घायल पत्नी ने इसकी शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।



सरकंडा के बहतराई में रहने वाली पिंकी श्रीवास सिलाई कर जीवन यापन करती हैं। महिला ने बताया कि उसकी शादी 2012 में बिरकोना रोड में रहने वाले सत्यवान श्रीवास से हुई, उनके दो बच्चे हैं। चार महीने पहले उनका पति सत्यवान श्रीवास मोहल्ले में रहने वाली महिला को भगाकर अपने घर ले गया। जहां पर वह अपने परिवार के साथ महिला को रखा है। पति के जाने के बाद महिला किसी तरह बच्चों को पाल रही थी। शुक्रवार को उसने मोबाइल पर काल कर पति को परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर उसने पत्नी से मोबाइल पर अभद्र व्यवहार किया। तब महिला अपने बच्चों को लेकर ससुराल पहुंच गई। पत्नी को सामने देखकर सत्यवान ने उसे जाने के लिए कहा। जब उसकी पत्नि ने साथ चलने कहा तब उसने दूसरी महिला के साथ मिलकर पत्नी की पिटाई कर दी। पत्नि ने इसकी जानकारी अपने मायके वालों को देकर कोनी थाने में शिकायत की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना


प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# मोपका चौक पर पलटी कार, चालक बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ शराब के नशे में था कार चालक

मोपका चौक के पास सड़क किनारे बने खतरनाक गड्ढा हादसों को निमंत्रण दे रहा है। शुक्रवार की शाम 7बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे से कुछ देर के लिए लोग भौचक्के रह गए। आसपास के लोगों ने चालक को बाहर निकला। उसे मामूली खरोंच आई है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम अंधेरा होते ही मोपका चौक के पास जबरदस्त दुर्घटना हो गई। तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 10 एएन6083 के चालक ने दुर्घटना को अंजाम दे दिया। हादसा इतना भयंकर था कि कार दो बार पलटने के बाद सीधे गड्ढे में जा गिरी और पटल गई। अचानक हुई इस दुर्घटना से आसपास अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने कार चालक को जैसे तैसे बाहर निकाला और पुलिस को इसकी सूचना दी है। सूचना मिलने पर मोपका पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक शराब के नशे में था। बताया जा रहा है कि कई महीनों से सड़क पर गड्ढा बना हुआ है लेकिन बार-बार शिकायत के बाद भी प्रशासन की ओर से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411